# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**रक्षाबंधन आज**

## इस बार भाई नहीं, बल्कि उनकी प्रतिमा को राखी बांधेगी बहन



### प्रतिमा पर पहली बार बहन बांधेगी रक्षासूत्र

शहीद सुखसिंह फरस के भाई रूपसिंह फरस, तुकाराम फरस एवं उनकी बहन कुलेश्वरी कपील ने बताया कि शहीद सुखसिंह फरस की प्रतिमा लगाने के बाद यह प्रथम रक्षाबंधन है और आज उनकी बहन उनके प्रतिमा को रक्षासूत्र बांधेगी, जब शहीद की प्रतिमा को रक्षासूत्र बांधेगी वह दृश्य हर किसी के आंखों को नम करेगा।

अलग खबर

**मैनपुर।** इस बार वह अपने भाई की मूर्ति पर राखी बांधकर रक्षा बंधन का पर्व मनाएगी। आंखों में आंसू लिए वीरगति को प्राप्त जवान का परिवार रविवार को प्रतिमा स्थल को संवारने के लिए पहुंचा था। वीर जवान सुखसिंह फरस 3 अप्रैल 2021 को नक्सल विरोधी सर्चिंग अभियान में वापसी करते समय थाना तरेंम शेष पेज 4 पर

**रात्रि 11:55 को समाप्त होगी पूर्णिमा तिथि, लेकिन रात्रि 9:08 तक राखी बांधना शुभ**

# तड़के 3:04 बजे पूर्णिमा संग भद्रा शुरू, महाकाल को भस्म आरती के बाद बंधी पहली राखी, सर्वार्थ सिद्धि, शोभन, रवि व श्रवण नक्षत्र का संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत रविवार मध्यरात्रि के बाद सोमवार तड़के 3 बजकर 4 मिनट को हो गई। इसके साथ ही भद्रा भी प्रारंभ हो गया है। आज दोपहर 1 बजकर 32 मिनट पर भद्रा तिथि समाप्त होगी। इसलिए भाइयों की कलाइयों में राखी भी दोपहर 1:32 के बाद ही बंधेगी। श्रावण सोमवार के साथ ही सर्वार्थ सिद्धि, शोभन और रवि योग सहित श्रवण नक्षत्र का संयोग शेष पेज 4 पर

**दोपहर 1 बजकर 32 मिनट पर समाप्त होगी भद्रा**



### रात्रि 8:40 तक रहेगा सर्वार्थ सिद्धि योग

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, रक्षाबंधन के दिन कई शुभ संयोग भी बन रहे हैं। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ रवियोग और शोभन योग भी बन रहा है। इसके अलावा सावन महीने का आखिरी सोमवार भी इसी दिन पड़ रहा है। शेष पेज 4 पर

### *गोधुलि बेला सर्वश्रेष्ठ*

*महाकाल को भस्म आरती के बाद ही राखी बांध दी जाएगी। बहनें अपने भाइयों को गोधुलि बेला में राखी बांध सकती हैं। यह समय सर्वश्रेष्ठ होता है। बगैर मुहूर्त के भी गोधुलि बेला अपने आप में पूर्ण मुहूर्त होता है।*

*-पंडित महेश महाकालेश्वर, उज्जैन*




## छह फीट ऊंचा पहुंच गया कौही का स्वयंभू शिवलिंग

**कुरुद (धमतरी)।** धमतरी व दुर्ग जिले की विभाजक रेखा खारुन नदी के तट पर स्थित ग्राम कौही का प्राचीन शिव मंदिर धार्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यहां विराजमान शिवलिंग की सबसे बड़ी विशेषता इसका लगातार बढ़ता आकार है। इस वक्त शिवलिंग की ऊंचाई लगभग छह फीट है। खुदाई के बाद से लेकर अब तक शिव का दूसरा छोर नहीं मिला है। यहां प्रत्येक वर्ष सावन में बोलबम भक्तों का मेला लगता है और प्रत्येक सोमवार महाप्रसादी का आयोजन होता है।

ग्राम कौही स्थित शिव मंदिर में आज आखिरी शेष पेज 4 पर



**क्या है मान्यता, क्यो होती है मां काली व महादेव की एक साथ पूजा**

राजेश तिवारी, रमन टिकरिहा, धनसिंग सेन, अनिरुद्ध देवांगन, पंकज सिन्हा आदि श्रद्धालुओं ने बताया कि इस गांव के नदी के किनारे शेष पेज 4 पर






**ट्रेनी डॉक्टर की हत्या : सीबीआई की टीम ने घटनास्थल की थ्री डी मेपिंग की**

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कोलकाता का 'निर्भया कांड', इधर, बंगाल में 10 दिन से इलाज बंद

*प. बंगाल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ कथित रेप और हत्या की घटना को लेकर डॉक्टरों का आक्रोश थम नहीं रहा है। विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के छात्रों ने रविवार को कोलकाता में प्रदर्शन किया। सरकारी अस्पतालों के जूनियर डॉक्टर की हड़ताल रविवार को भी जारी रही, जिससे पश्चिम बंगाल में लगातार 10वें दिन स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने घटना पर खुद ही संज्ञान लिया है। इस मामले पर 20 अगस्त को सुनवाई होगी।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोलकाता

देश के कई शहरों के सरकारी अस्पतालों में रविवार को बाह्य रोगी विभाग बंद रहने के कारण मरीजों की भीड़ कम रही, लेकिन वरिष्ठ चिकित्सकों ने आपातकालीन विभाग में सेवाएं जारी रखीं। कोलकाता में प्रदर्शनकारी चिकित्सक ने कहा, हम स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित करने के पक्ष में नहीं हैं। हम मरीजों की परेशानियों को समझ सकते हैं, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की घटना के संदर्भ में हमारा विरोध बहुत प्रासंगिक है। इस बीच, रविवार को सीबीआई की टीम घटनास्थल पर पहुंची और थ्री डी मेपिंग की।

इधर, सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित बलात्कार और हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 20 अगस्त की वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ मंगलवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी। कलकत्ता हाईकोर्ट ने हाल ही में मामले की जांच शेष पेज 4 पर

### पूर्व प्राचार्य की 'कॉल डिटेल' चाहती है सीबीआई

सीबीआई के अधिकारी सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष की 'कॉल डिटेल' और 'चैट' की जानकारियां जुटा रहे हैं। रविवार को लगातार तीसरे दिन सीबीआई अधिकारियों के समक्ष पेश हुए घोष को अस्पताल में घटना से पहले और उसके बाद किए फोन कॉल की जानकारियां देने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि अधिकारी घोष की 'कॉल डिटेल' शेष पेज 4 पर




### आरोपी राय का साइकोलॉजीकल टेस्ट

सीबीआई ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर के रेप और मर्डर के आरोपी संजय राय का साइकोलॉजीकल टेस्ट शुरू कर दिया है। विशेषज्ञों की एक टीम शनिवार को कोलकाता पहुंची। टीम ने साइकोलॉजीकल टेस्ट शुरू कर दिया है।

### हरभजन ने राज्यपाल-सीएम को लिखी चिट्ठी

पूर्व क्रिकेटर एवं आप के राज्यसभा सदस्य हरभजन सिंह ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर 'त्वरित एवं निर्णायक कार्रवाई' करने का आग्रह किया है। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कोलकाता शेष पेज 4 पर

### *फैसले तक हड़ताल पर रहेंगे गोवा के डॉक्टर*

*सरकारी गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं रविवार को लगातार तीसरे दिन भी प्रभावित रहीं। हाईकोर्ट द्वारा फैसला सुनाए जाने तक शुक्रवार से शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस नहीं लेने का संकल्प लिया है।*

### *हर छोटी से छोटी चीज की तलाश*

*सीबीआई हर छोटी से छोटी चीज तलाश रही है, ताकि अपराध यिों तक पहुंचा जा सके। इसीलिए जांच एजेंसी की विशेष टीम ने 3डी मैपिंग क्षमता वाली विशेष लेजर स्कैनर मशीनों से इमरजेंसी वार्ड का कोना कोना कैप्चर क यिा। यह तकनीक दीवार से दीवार तक की 360 डिग्री की तस्वीर ले सकती है।*

**आसमानी आफत का कहर**

## आकाशीय बिजली गिरने से नाबालिग समेत दो की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

गरज-चमक के साथ हो रही बारिश के बीच गाज गिरने से जिले में एक ही दिन एक नाबालिग व एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक़ जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आने वाले ग्राम दुर्गापुर में रविवार की शाम आकाशीय बिजली गिरने से एक नाबालिग की मौत हो गई, वहीं लक्ष्मीपुर गांव में घर के बाहर बैठी हुई एक 50 साल की महिला की भी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रविवार को दोपहर 3 बजे अचानक तेज आंधी तूफ़ान के साथ बारिश शुरू हो गई,जिसे देखकर नाबालिग लड़की घर के बाहर सुखाए कपड़े उतारने के लिए घर के बाहर गई तभी अचानक बिजली गिरने सें कपडे.सुखाने वाले तार के संपर्क में आने सें उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई । परिजन तत्काल शेष पेज 4 पर

- बिजली गिरने सें कपड़े सुखाने वाले तार के संपर्क में आने से हुआ हादसा

### दो दिन में आठ की मौत

गौरतलब है कि रायगढ़ व समीपवर्ती जशपुर जिले में दो दिन के भीतर आकाशीय बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत को लेकर प्रशासन सजग हो गया है। अभी भी 6 महिलाएं सरगुजा जिले के अंबिकापुर मेडिकल कालेज में भर्ती हैं जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। ये सभी घटनाएं खेतों में अचानक तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से हुई हैं।

## खबर संक्षेप

### कविता की जमानत याचिका पर कल होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन मामलों में बीआरएस की नेता के. कविता की जमानत याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने उक्त मामलों में कविता को जमानत देने से इंकार करने के दिल्ली हाईकोर्ट के एक जुलाई के फैसले के खिलाफ बीआरएस नेता की याचिकाओं को सुनने पर सहमति जताई।

### डेढ़ करोड़ की हेरोइन जब्त, चार गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** असम के नगांव जिले में दो अलग-अलग अभियानों में करीब 1.5 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त की गई है। इस बाबत दो महिलाओं समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पहले मामले में, धींग थाने की एक टीम ने प्लास्टिक के चार पैकेट बरामद किए जिनमें संदिग्ध हेरोइन थी। इनका वजन 167.45 ग्राम है। पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

### खाना खाकर 250 जवानों की तबीयत बिगड़ी



**पटना।** बिहार के सुपौल में रविवार को खाना खाने के बाद 250 जवानों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को उल्टी- दस्त की शिकायत के बाद वीरपुर अनुमंडल अस्पताल लाया गया। सभी जवान भीमनगर स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की 12वीं और 15वीं बटालियन में ट्रेनिंग के लिए आए हैं। सभी जवानों का वीरपुर अनुमंडल अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। एसडीएम ने कहा कि मामला फूड प्वॉइजनिंग का है।

### इंडियन कोस्ट गार्ड के डीजी राकेश का निधन



**चेन्नई।** भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उन्होंने चेन्नई में आखिरी सांस ली। राकेश पाल को बेचैनी की शिकायत के बाद दिन में राजीव गांधी जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने उनकी जांच की, साथ ही एंजियो टेस्ट करने के लिए कहा, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

## शाह छत्तीसगढ़ में तीन दिन रहेंगे नक्सलवाद पर बड़ी बैठक, सात राज्यों के रहेंगे सीएस-डीजीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अब दो नहीं, तीन दिन छत्तीसगढ़ में रहेंगे। वे 23 से 25 अगस्त तक छत्तीसगढ़ में रहेंगे। 23 अगस्त की शाम यहां पहुंचने के बाद वे 24 अगस्त को नक्सल प्रभावित सात राज्यों के मुख्य सचिव और डीजीपी के अलावा पैरामिलिट्री फोर्स के डीजी के साथ नक्सलवाद को लेकर बड़ी बैठक करेंगे। अगले दिन 25 अगस्त को सहकारिता विभाग की भी बड़ी बैठक लेने के बाद उनकी वापसी होगी। केंद्रीय गृहमंत्री के दौरे को लेकर प्रदेश सरकार ने तैयारी प्रारंभ कर दी है।

- 25 को सहकारिता की भी लेंगे बैठक, बड़ा ऐलान संभव

केंद्र में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनने के बाद अमित शाह को वापस गृह विभाग दिया गया है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के समय केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बड़ा ऐलान किया था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद तीन शेष पेज 4 पर



### मे-फेयर में रुकेंगे, वहीं बैठक की भी संभावना

श्री शाह इसके पहले जब छत्तीसगढ़ के दौरे पर आते थे तो उनका कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रुकना होता था, लेकिन इस बार सरकारी दौरे के कारण उनको मे-फेयर में ठहराने की तैयारी है। साथ ही बैठक भी वहीं होने की संभावना जताई जा रही है। सात राज्यों के सीएस और डीजीपी के साथ कई आला अधिकारी भी आएंगे। इन सबको देखते हुए मे-फेयर में ही बैठक कराने की तैयारी है।

### पहले दिन पार्टी की बैठक

श्री शाह अपने दौरे पर 23 अगस्त को यहां पहुंचेंगे। यहां आने के बाद उनकी कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश संगठन के चुनिंदा नेताओं के साथ बैठक होगी। इस बैठक के लिए प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन एक दिन पहले ही 22 अगस्त को रायपुर आ जाएंगे। बैठक में कौन-कौन रहेंगे, अभी तय नहीं है।

### अंतिम दिन सहकारिता की भी बैठक

श्री शाह के पास गृह विभाग के साथ ही सहकारिता विभाग भी है। इस विभाग की भी वे 25 अगस्त को बैठक लेंगे। प्रदेश में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप हैं। इस बैठक में सहकारिता को लेकर बड़ा ऐलान होने की संभावना है।

**चांपा थाना क्षेत्र की घटना**

## खिलौने को लेकर दो बहनों में झगड़ा, पिता ने एक को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

खिलौना लेने को लेकर दो बहनों के बीच हुए विवाद में पिता ने लकड़ी के बत्ता से मारकर एक की हत्या कर दी। हत्यारे पिता को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। घटना चांपा थाना क्षेत्र के भोजपुरी की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। चांपा पुलिस के अनुसार घटना शनिवार 17 अगस्त दोपहर 1 बजे की है चांपा थाना क्षेत्र के भोजपुरी निवासी सलमान खान पिता रोशन खान उम्र 33 वर्ष अपनी पत्नी के साथ हुए विवाद के बाद अपने दो मासूम बच्चियों को शेष पेज 4 पर



### बड़ी बेटी का चल रहा इलाज

बड़ी बेटी का उपचार बिसाहू दास महंत चिकित्सालय में किया जा रहा है। मामले में पुलिस ने रविवार 18 अगस्त को आरोपी सलमान खान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 103 एवं 115 के तहत कार्रवाई की गई है।

## पिकअप और बस की आमने-सामने टक्कर, 10 यात्रियों की गई जान

एजेंसी ▶▶ बुलंदशहर

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र में रविवार को एक वाहन (मैक्स पिकअप) और निजी बस की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गयी जबकि 27 अन्य लोग घायल हो गए। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि रविवार को पिकअप वैन और निजी बस के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि पिकअप वैन गाजियाबाद से संभल की तरफ जा रही थी। तभी सलेमपुर थाना के करीब यह दुर्घटना हुई। इस हादसे में कुल 37 यात्री घायल हो शेष पेज 4 पर

**दो हादसों में 16 की मौत**



### इनकी हो गई मौत

मृतकों की पहचान अलीगढ़ जिले के पाली थाना इलाके के अहेरिया नगला निवासी मुकुट सिंह (35), दीन नाथ (45), ब्रजेश (18), शिशुपाल (27), बाबू सिंह (19), गिर्राज सिंह (26) और सुगरपाल (35) के आवाला बुलंदशहर जिले के रामघाट थाना इलाके के ऊंचा गांव निवासी ओमकार (30) के रूप में हुई है।

### ट्रक से टकराया एसयूवी, छह की मौत

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में गौर रेलवे स्टेशन के निकट एसयूवी के ट्रक से टकराने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना शनिवार आधी रात को राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर उस समय हुई जब वाहन जिले के कालियाचक से मालदा शहर आ रहा था। पुलिस शेष पेज 4 पर

**'लेटरल एंट्री' के जरिए लोक सेवकों की भर्ती पर सियासी उबाल**

# राहुल बोले-छीना जा रहा आरक्षण, अखिलेश करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को 'लेटरल एंट्री' के जरिए लोक सेवकों की भर्ती करने के सरकार के कदम को राष्ट्र विरोधी कदम करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की कार्रवाई से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण खुलेआम छीना जा रहा है। इस मामले पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी की चीफ मायावती ने



विरोध किया है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वो 2 अक्टूबर को यूपीएससी में 'लेटरल एंट्री' के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने वाले हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुला गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संघ लोक सेवा आयोग के बजाय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से लोक सेवकों की भर्ती करके संविधान पर हमला कर रहे हैं। राहुल गांधी ने ऐसे समय में यह हमला बोला है जब एक दिन पहले ही केंद्र सरकार ने 'लेटरल एंट्री' के माध्यम से 45 विशेषज्ञों की विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उपसचिव जैसे प्रमुख पदों पर नियुक्ति करने की घोषणा की। आमतौर पर ऐसे पदों पर अखिल भारतीय सेवाओं - भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस शेष पेज 4 पर

### 2 अक्टूबर से सपा करेगी आंदोलन

सीधी भर्ती के खिलाफ समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार का जमकर विरोध किया है। यादव ने देशभर के अधिकारियों और युवाओं से आग्रह किया है कि यदि भाजपा सरकार इसे वापस न ले तो 2 अक्टूबर से एक नया आंदोलन शुरू करने में हमारे साथ खड़े हों। सरकारी तंत्र पर कारपोरेट के क़ब्ज़े को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे क्योंकि कारपोरेट की अमीरोंवाली पूंजीवादी सोच ज़्यादा-से-ज़्यादा फ़ाएदा हासिल करने की होती है।

### क्या है लेटरल स्कीम

भाजपा सरकार ने यूपीएससी में साल 2018 में लैटरल स्कीम की शुरुआत की थी, जिसके जरिए यूपीएससी के 45 पदों पर सीधी भर्ती हो सकती है। दरअसल, यूपीएससी भारत के एक कठिन एग्जाम में से एक है। इसमें तीन स्टेज होती हैं पहले प्री एग्जाम देना होता है। इसके बाद मुख्य परीक्षा देनी होती है और उसके बाद इंटरव्यू होता है। हर साल लाखों की तादाद में छात्र इस परीक्षा में बैठते हैं लेकिन कुछ ही कामयाब हो पाते हैं। हालांकि, इस स्कीम के तहत प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले युवाओं को सीधी भर्ती दी जाती है। दरअसल, इस स्कीम में वो कारपोरेट कर्मचारी अप्लाई कर सकते हैं जिनके पास यूजी की डिग्री हो और उन्होंने संबंधित पद और सेक्टर में कम से कम 15 साल काम किया हो।


संस्थापक आचार्य : कृष्णकृपामूर्ति श्री श्रीमद् ए.सी. भक्तिवेदान्त स्वामी श्रील प्रभुपाद
ISKCON RAIPUR
एच.एच. भक्ति सिद्धार्थ स्वामी
मंदिर अध्यक्ष, इस्कॉन रायपुर
श्री श्री राधारास बिहारी जी मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव
19 अगस्त 2024, सोमवार (तृतीय दिवस)
विशेष आकर्षण
मंगल आरती (सुबह 4.30 बजे)
श्री विग्रहों का प्रथम दर्शन एवं महाआरती
(दोपहर 12.30 से 1 बजे तक)
माधवाज़ रॉक बैण्ड
की विशेष प्रस्तुति श्रीधाम वृंदावन
(संध्या 6.30 बजे)
परम पूज्य
लोकनाथ स्वामी महाराज
श्री बलराम बाललीला गुणगान
सुबह 8 से 9 बजे तक
श्रीमान् अमोघ लीला प्रभु
प्रवचन
संध्या 5.30 से 6.30 बजे तक
आशीर्वाद एवं सम्मान समारोह
(संध्या 6 बजे)
मुख्यअतिथि
मान. श्री विष्णुदेव साय जी
(मुख्यमंत्री)
अध्यक्षता
मान. डॉ. रमन सिंह जी
(विधानसभा अध्यक्ष)
विशेषअतिथि
मान. श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
(सांसद)
विशेषअतिथि
मान. श्री राजेश मूणत जी
(विधायक)
आप सभी से विनम्र निवेदन है कि इस्कॉन के नये भव्य मंदिर प्रांगण में श्री श्री राधा रासबिहारी जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर आयोजित समस्त पावन कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बनें।
श्री श्री राधा रासबिहारी जी मंदिर, हरे कृष्ण धाम
आलोपी नगर, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.) मो. 9893116005, 7710838538, 9300146200, वेबसाइट : www.iskconraipur.org

रायपुर
सोमवार, 19 अगस्त 2024
श्रावण शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
वर्ष : 23, अंक : 32
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5 .00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम
अधि. 31.0
न्यून. 25.5

रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं



# आबकारी की ही जांच में खुलासा, शराब दुकानों से पसंदीदा ब्रांड गायब, बीयर गर्म, अहाता भी ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में पीने के शौकीनों को मनपसंद ब्रांड की शराब नहीं मिल पा रही है। ये पीने वालों की ही शिकायत नहीं, बल्कि खुद आबकारी विभाग की एक रिपोर्ट से ये बात सामने आई है। एक ही जिले की दुकानों की जांच में 18 ऐसी दुकानें मिली जहां थोक में खामियां मिली हैं। इसमें पसंदीदा ब्रांड का मामला भी शामिल ▶▶|शेष पेज 4 पर

## बेवरेज कॉर्पोरेशन एमडी की जांच रिपोर्ट में सामने आईं खामियां

### आबकारी से मिलता है तगड़ा राजस्व

राज्य सरकार के पास स्वयं के राजस्व स्रोतों में एक बड़ा हिस्सा आबकारी से मिलने वाला राजस्व है। पूर्व में यह लक्ष्य करीब साढ़े छह हजार करोड़ के आसपास होता ▶▶|शेष पेज 4 पर



### लक्ष्य की पूर्ति के लिए आवश्यक निर्देश

आबकारी राजस्व के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आबकारी विभाग का अमला प्रयासरत है। इस सिलसिले में पिछले दिनों आबकारी आयुक्त आर. संगीत की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर आयोजित आबकारी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### सबसे बड़ी खामी, मनपसंद ब्रांड उपलब्ध नहीं

खास बात ये है कि बेवरेज कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक की अध्यक्षता वाली अफसरों की टीम ने आबकारी आयुक्त कार्यालय को दी गई अपनी रिपोर्ट में मदिरा दुकानों की जो मुख्य खामियां गिनाई हैं, उनमें सबसे पहला बिंदु ग्राहकों की मांग के अनुरूप पॉपुलर ब्रांड की मदिरा की अनुपलब्धता को बताया है। यह भी बताया गया है कि दुकानों ▶▶|शेष पेज 4 पर

### जांच के दौरान मिली ऐसी खामियां

- पॉपुलर ब्रांड की मदिरा की अनुपलब्धता
- मदिरा ब्रांडों का विक्रय के लिए काउंटर में प्रदर्शन नहीं
- मदिरा दुकानों का नियमित निरीक्षण नहीं
- प्रतिदिन की बिक्री राशि की बैंक जमा की रसीद दुकान से गायब
- बीयर के सभी ब्रांडों को बेचने फ्रीजर में ठंडा नहीं कर रहे
- उपकरणों, फर्नीचर एवं फिक्चर्स के मेंटनेंस का अभाव
- संग्रहित खाली कॉर्टन का नियमित विक्रय
- अधिकांश मदिरा दुकानों में अहातों का व्यवस्थापन ठप


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री की पत्नी की डेंगू से मौत

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम की पत्नी झिंगिया ओराम का यहां एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान डेंगू के कारण निधन हो गया। वह 58 वर्ष की थीं। परिवार के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झिंगिया ओराम के परिवार में उनके पति और दो बेटियां हैं। उनका शनिवार रात करीब 10 बजकर 50 मिनट पर निधन हो गया।

### बांग्लादेश में एक महीने बाद खुले शैक्षिक संस्थान

**ढाका।** बांग्लादेश में विश्वविद्यालयों, माध्यमिक स्कूलों और कॉलेजों समेत सभी शिक्षण



संस्थान रविवार को खोल दिए गए। इन्हें छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा होने के कारण एक महीने से अधिक समय पहले बंद कर दिया गया था।

### छत का प्लास्टर गिरने से किशोर की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में चार मंजिला इमारत के एक फ्लैट की छत का प्लास्टर गिरने से 17



वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। यह घटना शनिवार रात करीब आठ बजे भिवंडी इलाके के खारीवली में स्थित फ्लैट में हुई, जहां एक दंपति अपने दो बेटों और एक बेटी के साथ रहते हैं।

### हिट एंड रन में युवक को कुचला, चालक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एक तेज रफ्तार कार ने 35 वर्षीय एक व्यक्ति को कथित तौर पर कुचल दिया जिससे



उसकी मौत हो गई। बाद में कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने बताया कि काम पर जा रहे व्यक्ति को आश्रम क्षेत्र में भोगल फ्लाईओवर के पास कार ने कुचल दिया।

सरकार की परेशानी बढ़ी पूर्व सीएम चंपई सोरेन दिल्ली पहुंचे

# झारखंड में सियासी उबाल, चंपई के बागी तेवर, कहा- अपमान बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन फिलहाल दिल्ली में हैं। एक दिन पहले उनके गुवाहाटी में हिमंता बिस्वा सरमा से मुलाकात करने की बात कही जा रही है। फिर कल रात वह कोलकाता पहुंचे थे और यहां सुवेंदु अधिकारी से मिले थे। अब उन्होंने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल से झारखंड मुक्ति मोर्चा का नाम भी हटा लिया है। कहा जा रहा है कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं और उनके साथ झामुमो के कुछ और भी विधायक दलबदल के लिए तैयार हैं। दिल्ली पहुंचे चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड का बच्चा- बच्चा जनता है कि अपने कार्यकाल के दौरान, मैंने कभी भी, किसी के साथ ना ▶▶|शेष पेज 4 पर

*भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन दिल्ली पहुंचे। सोरेन ने कहा कि उनके लिए सभी विकल्प खुले हुए हैं। सोरेन ने कहा कि झारखंड का मुख्यमंत्री रहते हुए उनका अपमान किया गया। इधर, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पैसे के दम पर 'घर और पार्टी' में फूट डाली जा रही है।*

**चंपई को छोड़ना पड़ा था सीएम पोस्ट**

कथित भूमि घोटाला मामले में 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किए जाने के बाद सोरेन परिवार के करीबी माने जाने वाले चंपई सोरेन को सीएम नियुक्त किया गया था। हालांकि, झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा हेमंत सोरेन को जमानत दिए जाने के बाद चंपई सोरेन को 3 जुलाई को इस्तीफा देना पड़ा था।

**पार्टी में मेरा कोई वजूद ही नहीं**

चंपई सोरेन ने कहा, मुझे ऐसा लगा, मानो उस पार्टी में मेरा कोई वजूद ही नहीं है, कोई अस्तित्व ही नहीं है, जिस पार्टी के लिए हमने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। मैंने भारी मन से विधायक दल की उसी बैठक में कहा कि आज से मेरे जीवन का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। उन्होंने कहा, आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव तक मेरे लिए सभी विकल्प खुले हुए हैं।

*पूर्व सीएम के भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज*



### भाजपा में जाने की अटकलें

कुछ खबरों में दावा किया गया कि झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले सोरेन भाजपा में शामिल हो सकते हैं। दिल्ली रवाना होने से पहले उन्होंने कहा था, मुझे ऐसी अटकलों और खबरों के बारे में कुछ नहीं पता. मैं जहां हूं वहीं हूं। भाजपा विधायक अमर बाउरी ने कहा, मेरे पास कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है।

### सीएम हेमंत ने भाजपा पर साधा निशाना

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिना नाम लिए इशारों में चंपई सोरेन और बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'बहुत जल्द चुनाव का घंटी राज्य में बजने वाली है। चुनाव कब होगा इसकी घंटी हमारे विरोधी बीजेपी के पास है। चुनाव आयोग अब संवैधानिक संस्थान नहीं है। वह अब बीजेपी की संस्था बन गई है। आज चुनाव कराओ, कल झाड़ू-पोछा मारकर इनको गुजरात जाना पड़ेगा।

24 अगस्त को कांग्रेस का प्रदेशभर में प्रदर्शन

# देवेंद्र की गिरफ्तारी पर सियासी हमले, कांग्रेस ने बुलाई विधायक दल की बैठक, भाजपा का पलटवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी पर बढ़ा सियासी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस का कहना है, भाजपा सरकार हमारे साथ बदलापुर की राजनीति ▶▶|शेष पेज 4 पर

### षडयंत्र के तहत काम कर रही सरकार : डॉ. महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, हमारे नेता देवेंद्र यादव को षडयंत्रपूर्वक फंसाने के लिए इतनी सारी धाराएं लगाई गई हैं, इस ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कोई राजनीतिक षड्यंत्र नहीं : साय

कांग्रेस द्वारा विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर राजनीतिक षडयंत्र के आरोप पर



पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, कोई राजनीतिक षडयंत्र नहीं है। पुलिस ने सोच ▶▶|शेष पेज 4 पर

किसी भी सूरत में छत्तीसगढ़ के शांत वातावरण को बिगाड़ने नहीं देंगे

### गुरु खुशवंत बोले- देवेंद्र तो एक प्यादा कांग्रेस अपनी पोल खुलने के डर से बेचैन



भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, बलौदाबाजार के पूरे घटनाक्रम में देवेंद्र यादव एक प्यादे ही हैं, ऐसा लगता है। कांग्रेस के पूरे ईको सिस्टम की बौखलाहट यही है कि उसके सारे षडयंत्र का पर्दाफाश हो जाएगा। बलौदाबाजार मामले के षडयंत्र में अपनी भूमिका जगजाहिर हो जाने के भय से कांग्रेस के लोग बेचैन हो रहे हैं ▶▶|शेष पेज 4 पर

## सीएम साय ने सपरिवार किया रूद्रामहाभिषेक



**रायपुर।** सावन मास के आखिरी सोमवार से पहले रविवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी पत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय के साथ सपरिवार मुख्यमंत्री निवास में शिव जी का रूद्रामहाभिषेक किया।

## एअर इंडिया के क्रू मेंबर पर लंदन के होटल में हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/मुंबई

एअर इंडिया के चालक दल की एक महिला सदस्य पर इस सप्ताह की शुरुआत में लंदन के एक होटल में एक घुसपैठिये ने कथित तौर पर हमला कर दिया। एयरलाइन स्थानीय पुलिस से बातचीत कर रही है। एअर इंडिया प्रवक्ता ने कहा कि एयरलाइन एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कंपनी द्वारा संचालित एक होटल में घुसपैठ की गैरकानूनी घटना से बहुत व्यथित है।

### भारत लौट आई पीड़िता

यह घटना लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे के पास स्थित एक होटल में हुई। पीड़िता भारत लौट आई है और उसकी काउंसिलिंग की जा रही है।

## अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर के पांच अस्पतालों समेत राज्य के कई अस्पतालों को रविवार को ई-मेल के जरिए संदेश भेजकर बम से उड़ाने की धमकी मिली, जो अफवाह निकली। पुलिस ने बताया कि बम निरोधक दस्ते की टीमों ने अस्पताल परिसर की जांच के लिए अस्पतालों की घेराबंदी की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### बम निरोधक दस्ते को भेजा

बम निरोधक दस्ते को उन स्थानों पर भेजा गया। तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि साइबर विशेषज्ञों की मदद से ई-मेल भेजने वाले के 'आईपी एड्रेस' का पता लगाया जा रहा है।

राज्य आपातकालीन केंद्र ने दिया ब्यौरा

# इस मानसून हिमाचल में सबसे ज्यादा तबाही

एजेंसी ▶▶| शिमला

अलग खबर

देश में बारिश का सबसे ज्यादा कहर हिमाचल प्रदेश पर टूटा है। इस बार मानसून के दौरान 27 जून से 16 अगस्त के बीच बादल फटने और अचानक बाढ़ की 51 घटनाओं में 31 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने रविवार को यह जानकारी दी। हिमाचल प्रदेश में मानसून 27 जून को पहुंचा था। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में 27 जून से 16 अगस्त के बीच बादल फटने और अचानक बाढ़ की 51 ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 95 सड़कें बंद

इस बीच, राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश जारी रही और रविवार सुबह 95 सड़कों को बंद कर दिया गया। इसमें कहा गया कि कुल्लू में 33 सड़क, मंडी और शिमला में 23-23, कांगड़ा में 10, चंबा और किन्नौर में दो-दो तथा हमीरपुर और ऊना में एक-एक सड़क बंद है।




### छत्तीसगढ़ समेत इन राज्यों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के अनुसार जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, यूपी, झारखंड, बिहार, बंगाल, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, ओडिशा में भारी बारिश का अनुमान जताया गया है।

### 1,140 करोड़ का नुकसान

अधिकारियों के अनुसार हिमाचल प्रदेश को अब तक 1,140 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, जिसमें सबसे अधिक नुकसान सड़क ढांचे को हुआ है। लोक निर्माण विभाग को 502 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसके बाद जल शक्ति विभाग को 469 करोड़ रुपये जबकि बागवानी विभाग को 139 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। स्थानीय मौसम विभाग ने 21 अगस्त तक राज्य में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है।

## चिंतन

# सीएए से पात्र शरणार्थियों को मिल रहे अधिकार

लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेक्युलर सिविल कोड (धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता) की बात छेड़ कर यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता) की बहस को तेज कर दी है, इस बीच गृहमंत्री अमित शाह ने नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यक शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र देकर सरकार की मंशा को साफ कर दिया है कि वह अल्पसंख्यकों के लिए खड़ी है। सीएए के विधेयक से लेकर कानून बनने तक काफी विरोध हुआ था, इसके बाद भी सरकार ने कदम पीछे नहीं खींचे थे। आज जब बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ लक्षित हिंसा हो रही है, तो सहज ही समझ में आती है कि भारत के लिए सीएए बनाना क्यों जरूरी था? कायदे से पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई आदि अल्पसंख्यक शरणार्थियों के लिए भारत एक मूल देश की तरह है, इसलिए उन्हें अपनाना भारत का दायित्व है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों की अगुवाई वाली पिछली सरकारों की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण देश में बड़ी संख्या में शरणार्थियों को नागरिकता अधिकार नहीं दिए गए। गुजरात में 188 हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाणपत्र दिया गया। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लाखों शरणार्थियों को उनके अधिकार तथा न्याय देने के लिए है। शाह ने मुसलमानों को भी आश्वासन दिया कि सीएए में किसी की भी नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है, क्योंकि यह नागरिकता देने के बारे में है। यह सही है कि अतीत में देश में अल्पसंख्यकों को तुष्ट करने के लिए राजनीति होती रही है, जिसके चलते वाजिब मुद्दे भी नेपथ्य में रहे हैं। नहीं तो देश में संविधान धर्मनिरपेक्ष है, इसके बावजूद समान नागरिक संहिता जैसे अहम प्रावधान लागू नहीं पाए, जबकि भारत जैसे विविध धर्म व संस्कृति वाले देश में समान नागरिक संहिता बहुत पहले लागू होनी चाहिए। कानून की नजर में सभी नागरिक समान है, इसलिए उन पर एक ही नियम कायदे लागू रहने चाहिए। सरकार को सीएए की तरह ही सेक्युलर नागरिक संहिता भी लेकर आना चाहिए। देश में अगर किसी भी रूप में गलत चीज हो रही है, तो उसके चेक व बैलेंस का नियम तो रहना ही चाहिए। कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों की पिछली सरकारों की तुष्टिकरण की नीति के कारण शरण के लिए देश में आए लोगों को उनका अधिकार और न्याय 1947 से 2014 तक नहीं मिला। शरणार्थी अगर देश में रह रहे हैं और सरकार ने उन्हें रहने की अनुमति दी हुई है, तो उन्हें वैध तरीके से नागरिकता देने में हर्ज नहीं होना चाहिए, इससे वे शरणार्थी टेक्स सिस्टम में आएंगे, राष्ट्र के निर्माण में योगदान करेंगे। सीएए कानून पारित होने के बाद इस पर जमकर राजनीति भी हुई थी, जिसमें कांग्रेस समेत विपक्ष के अनेक नेताओं ने लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया कि इससे मुसलमानों के साथ अन्याय होगा और वे अपनी नागरिकता खो देंगे। जबकि तथ्यात्मक रूप से यह बात ही गलत है। भारत में हिंदू बहुसंख्यक है, जबकि पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में हिंदू अल्पसंख्यक हैं, वहां मुस्लिम बहुसंख्यक है। इन मुस्लिम बहुसंख्यक देशों में हिंदुओं पर अत्याचार होते रहे हैं, जिससे बचने के लिए वे भारत में शरणार्थी के रूप में रहने लगे थे। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ ताजा हिंसा उदाहरण है। सीएए से मदद मिल रही है। अब सरकार को यूसीसी की ओर बढ़ना चाहिए।



पीएम संबोधन
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था संवरेगी

> नि :संदेह इस समय किसानों की आमदनी बढ़ाने और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संवारने के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल उभरकर दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि कृषि अनुसंधान को बढ़ावा देने के अभियान के तहत 11 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) परिसर के खेतों में जाकर 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्में जारी करते हुए कहा कि इनसे देश में कम जमीन में अधिक पैदावार लेने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल सकेगी। इससे महंगाई से भी बचाव होगा। कृषि भंडारण क्षमता के भौगोलिक स्तर पर उचित वितरण की डगर पर भी सरकार को आगे बढ़ना होगा।

15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले से देश को संबोधित करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित किया और कहा कि कृषि व्यवस्था को ट्रांसफॉर्म करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा कृषि व ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इसी के मद्देनजर इन दिनों प्रकाशित हो रही वैश्विक आर्थिक संगठनों और वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्टों में भारत में कृषि सेक्टर में सुधार और ग्रामीण खपत में वृद्धि के मद्देनजर भारत की विकास दर के अनुमान बढ़ाए जा रहे हैं। हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीपी) के द्वारा जारी रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की विकास दर को 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 फीसदी कर दिया गया है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत की विकास दर अनुमान को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 फीसदी, ओईसीडी ने 6.2 से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत, स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने 6.3 से बढ़ाकर 7 प्रतिशत तथा फिच ने 7 से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया है। इसमें कोई दोमत नहीं है कि सरकार को इस वर्ष जो बेहतर मानसून विरासत में मिला है, उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था रफ्तार से बढ़ रही है। पूरे देश के कोने-कोने में बेहतर मानसून के लाभ दिखाई देने लगे हैं। बेहतर मानसून से ग्रामीण इलाके में खपत बढ़ रही है।

बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति बढ़ी है। ऐसे में भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अधिक खर्च कर रहे हैं। कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गांवों में उपभोक्ताओं की खरीदारी भी उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। हाल ही में 12 अगस्त को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई के आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2024 में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.54 फीसदी रह गई है, जबकि जून 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.08 प्रतिशत थी। खुदरा महंगाई दर पिछले 5 वर्षों के सबसे कम ऐसे स्तर पर पहुंच गई है, जो कि रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित 4 प्रतिशत के लक्ष्य से भी नीचे है। निःसंदेह इस समय किसानों की आमदनी बढ़ाने और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संवारने के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल उभरकर दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि कृषि अनुसंधान को बढ़ावा देने के अभियान के तहत 11 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) परिसर के खेतों में जाकर 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्में जारी करते हुए कहा कि इनसे देश में कम जमीन में अधिक पैदावार लेने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल सकेगी। इससे महंगाई से भी बचाव होगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक वर्ष 2024-25 के बजट के तहत किसानों के कल्याण और कृषि को विकास का इंजन बनाने की रणनीति के तहत



किसानों के हित में कृषि व ग्रामीण क्षेत्र की क्षमता के दोहन के जो अभूतपूर्व कदम आगे बढ़ाए गए हैं, उनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकी जा सकेगी। इस बजट के माध्यम से कृषि सेक्टर के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये सुनिश्चित किए हैं। बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इस बजट में प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए 10,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं। जहां इस कोष का उपयोग दाल, प्याज और आलू के बफर स्टॉक को रखने के लिए किया जाएगा। प्राकृतिक खेती पर भारी प्रोत्साहन सुनिश्चित किए गए हैं और आगामी दो वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

इस बार वित्त मंत्री ने नए बजट में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने, दलहन-तिलहन की पैदावार बढ़ाकर और किसानों की आय बढ़ाने, बीज की समस्या के निराकरण और मुख्य फसलों की उत्पादकता प्रभावित होने जैसे मामलों की चुनौतियों को कम करने कृषि के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए ज्यादा प्रावधान किए हैं। निश्चित रूप से सरकार के द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संवारने की डगर पर आगे बढ़ते हुए कई अहम बातों पर ध्यान दिया जाना होगा। कृषि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल, कृषि में मशीनीकरण को बढ़ाए जाने, जलवायु अनुकूल कृषि-खाद्य प्रणाली अपनाएं जाने, अधिक ग्रामीण कच्ची सड़कों को मंडियों से जोड़ने, जैसी नीतिगत प्राथमिकताओं के साथ-साथ आपूर्ति श्रृंखला में सुधार से खाद्य वस्तुओं की महंगाई को नियंत्रित रखने के कारगर प्रयासों की डगर पर लगातार आगे बढ़ना होगा। चूंकि देश में फसल कटाई के बाद की उपयुक्त व्यवस्था न होने से 12 से 14 फीसदी तक खाद्यान्न और करीब 35 फीसदी तक सब्जी और फलों की पैदावार बर्बाद हो जाती है। ऐसे में बजट के तहत इस वर्ष खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के लिए जिस तरह खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग के लिए ऋणों की राशि दोगुनी सुनिश्चित की गई है, उसके कारगर उपयोग पर ध्यान देना होगा। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार कृषि भंडारण क्षमता वर्ष 2023 में 14.5 करोड़ टन थी। अब उसे वर्ष 2030 तक दोगुना बढ़ाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। कृषि भंडारण क्षमता के भौगोलिक स्तर पर उचित वितरण की डगर पर भी सरकार को आगे बढ़ना होगा।

जहां उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, पंजाब और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में तो अधिक भंडारण क्षमता है वहीं बिहार और मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों में इसकी भारी कमी है। सरकार को इस ओर भी ध्यान देना होगा कि ज्यादातर कोल्ड स्टोरेज में केवल एक ही फसल रखने की व्यवस्था होती है। अन्य फसलों के भंडारण की सुविधा इनमें नहीं होती। इसलिए अब देशभर में भंडारण क्षमता को उन्नत कर इनमें सभी या एक से अधिक कृषि उपज रखने की व्यवस्था की ओर भी ध्यान दिया जाना होगा। हम उम्मीद करें कि 11 अगस्त को सरकार ने 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्मों से किसानों की आय बढ़ाने की जो पहल की है, उसके लाभों और प्रयोग के बारे में किसानों को उपयुक्त रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। वर्ष 2024-25 के नए बजट से कृषि और ग्रामीण विकास को रफ्तार देने के जो रणनीतिक कदम बताए गए हैं, उनके क्रियान्वयन पर शुरुआत से ही ध्यान दिया जाएगा। इनके साथ ही सरकार द्वारा बेहतर मानसून की शक्ति को मुट्ठी में लेकर कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जाएगा। ऐसे में जहां छोटे किसानों व ग्रामीण भारत के करोड़ों लोगों की खुशियां बढ़ेंगी, वहीं ग्रामीण अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

रक्षाबंधन
श्वेता गोयल



# शालीन एवं सात्विक स्नेह संबंधों का पावन पर्व


भाई-बहन के बीच अटूट बंधन, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व सदियों से ही भारतीय जनमानस का अभिन्न अंग है। प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले इस पर्व की भारतीय समाज और संस्कृति में बड़ी महत्ता है। रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष 19 अगस्त को मनाया जा रहा है। भाईयों की कलाई पर राखियां बांधने के लिए बहनें इस दिन का वर्षभर इंतजार करती हैं। यह पर्व रक्षा के तात्पर्य से बांधने वाला एक ऐसा सूत्र है, जिसमें बहनें अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर जीवन के हर संघर्ष तथा मोर्चे पर उनके सफल होने तथा निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की ईश्वर से प्रार्थना करती हैं तथा उनके सुखद जीवन के लिए मंगलकामना करती हैं। भाई भी अपनी बहनों को हर प्रकार की विपत्ति से रक्षा करने का वचन देते हैं।

मान्यता है कि सावन माह की पूर्णिमा के दिन शुभ मुहूर्त में बांधे गए रक्षासूत्र का प्रभाव बहुत शक्तिशाली होता है। वैसे तो हिन्दू समाज में रक्षाबंधन बहनों द्वारा भाईयों को रक्षा-सूत्र बांधने के पर्व के रूप में प्रचलित है लेकिन पूर्व में यह पर्व भाई-बहन तक ही सीमित नहीं था बल्कि विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए अथवा किसी की आयु और आरोग्य की वृद्धि के लिए किसी को भी रक्षा-सूत्र बांधा या भेजा जाता था। किसी भी धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान के बाद आज भी रक्षा-सूत्र के माध्यम से ही सभी उपस्थितजनों को रक्षा का संकल्प कराया जाता है। भारतीय परम्परा में विश्वास का बंधन ही मूल है और इसी विश्वास का बंधन है रक्षाबंधन। बहन द्वारा भाई को रक्षा-सूत्र बांधने का चलन कब शुरू हुआ, इसकी कोई सटीक प्रामाणिक जानकारी नहीं मिलती लेकिन रक्षाबंधन मनाए जाने के संबंध में अनेक पौराणिक एवं ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख अवश्य मिलता है। बहनों द्वारा भाईयों की कलाई पर बांधी गई राखी के प्रभाव से शास्त्रों में अनेक जगहों पर रक्षाबंधन के महत्व का उल्लेख मिलता है। विभिन्न धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि देवता भी यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाते थे। पद्म पुराण, स्कन्ध पुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबंधन का प्रसंग मिलता है। एक अन्य प्रसंग में जब देवराज इन्द्र बार-बार राक्षसों से परास्त होते रहे और हर बार राक्षसों के हाथों देवताओं की हार से निराश हो गए तो इन्द्राणी ने कठिन तपस्या कर अपने तपोबल से एक रक्षासूत्र तैयार किया। यह रक्षासूत्र इन्द्राणी ने देवराज इन्द्र की कलाई पर बांधा और इस रक्षासूत्र के प्रभाव से देवराज इन्द्र राक्षसों को परास्त करने में सफल हुए। कहते हैं कि तभी से रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत हुई। एक उल्लेख यह भी मिलता है कि जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया था, तब उन्होंने एक ब्राह्मण का वेश धारण कर अपनी दानशील प्रवृत्ति के लिए तीनों लोकों में प्रसिद्ध राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी और बलि द्वारा उनकी मांग स्वीकार कर लिए जाने पर भगवान वामन ने अपने पग से सम्पूर्ण पृथ्वी को नापते हुए बलि को पाताल लोक भेज दिया। कहा जाता है कि उसी की याद में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया।

महाभारत काल के एक प्रसंग के अनुसार एक बार भगवान श्रीकृष्ण की उंगली से रक्त बह रहा था। जैसे ही द्रोपदी की नजर गई, उसने तुरंत अपनी साड़ी का किनारा फाड़कर उनकी उंगली पर बांध दिया, जिसके बाद श्रीकृष्ण ने उसकी रक्षा करने का संकल्प लिया, जिसे वे आजीवन निभाते रहे। ऐतिहासिक दृष्टि से इस पर्व की शुरुआत मध्यकालीन युग से मानी जाती है। भारतीय इतिहास ऐसे प्रसंगों से भरा पड़ा है, जब राजपूत योद्धा अपनी जान की बाजी लगाकर युद्ध के मैदान में जाते थे तो उनके प्रदेश की बेटियां उनकी आरती उतारकर उनकी कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधा करती थी। बंगाल विभाजन के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर ने हिन्दुओं और मुसलमानों से एकजुट होने का आग्रह किया था और दोनों समुदायों से एक-दूसरे की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधने का निवेदन किया था। वास्तव में भाई-बहन के स्नेह, अपनत्व और प्यार के धागों से जुड़ा धार्मिक एवं अलौकिक महत्व का यह पर्व बेहद शालीन एवं सात्विक संबंधों का पावन त्योहार है। कलाई पर बांधे जाने वाले कच्चे धागों से पक्के रिश्ते बनते हैं। भारत के हर सम्प्रदाय में भाई-बहन के रिश्ते को पवित्रता की नजर से देखा गया है और रक्षाबंधन का पर्व आत्मीयता और स्नेह के बंधन से रिश्तों को मजबूती प्रदान करने का पावन पर्व है। श्रावण मास की अंतिम तिथि वाली श्रवण नक्षत्रयुक्त पूर्णिमा को श्रावणी कहते हैं और इस दिन रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है।

(लेखिका स्तंभकार व शिक्षका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# राम सब घट मेरा साइयां



संकलित
दर्शन

पूरे संसार में राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हम उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं। राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में है। कबीर ने कहा है-'राम सब घट मेरा साइयां'... राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में हैं। सदा सर्वदा सबके हृदय में रहेंगे, लेकिन हमारे स्वार्थ, हमारे हेतु, हमारी मानसिकताओं के कारण कभी-कभी हम राम को साधन बना बैठते हैं। इसलिए हम राम को सही रूप में नहीं समझ पाते। प्रत्येक व्यक्ति में यदि हमें सिया राम के दर्शन होने लगें तो तमाम भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। जातीय आधार पर भेदभाव काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसके लिए धर्माचार्यों को आगे आना होगा। धार्मिक क्षेत्र हो, राजनीतिक या फिर सामाजिक क्षेत्र, अंतिम व्यक्ति पूज्य होना चाहिए। अगर अंतिम व्यक्ति आप तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उस तक पहुंचें। भारतीय दर्शन में इहलोक और परलोक की बात आती है। इहलोक और परलोक का कल्याण करने की बात मेरी दृष्टि में इह यानी अपने संसार के साथ-साथ दूसरों का भी कल्याण हो, ऐसा प्रयास करना ही इहलोक और परलोक को सुधारना है। दूसरों के कल्याण की भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हम व्यापक व विराट की संतान हैं, इसलिए दूसरों के कल्याण का भारतीय सोच पूरे विश्व के कल्याण का सोच है। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, तो दुनिया के सभी देशों के कल्याण की बात करते हैं।

# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिये वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता थाः राम राम ! मै हत्यारा हूँ, मुझे भिक्षा दीजिये। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिये। भगवननाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिये? इस पर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहाः हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देश खुशहाल तो हम खुशहाल

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित करते हुए कहा कि कलह पैदा करने वाली प्रवृत्तियों को समाज को खारिज करना चाहिए। राष्ट्रपति ने देश और समाज के कल्याण के लिए बहुत बढ़िया सलाह हमें दी, लेकिन अफसोस कि बहुत ही कम लोग ऐसे होंगे जो इस पर अमल करेंगे, बाकियों को तो अपने स्वार्थ से ही फुर्सत नहीं। ऐसे लोग देश और समाज के बारे में क्या सोचेंगे? अगर हम धर्म और जाति के जंजाल में ही उलझे रहेंगे और इन भावनाओं में बहकर देश को नुकसान पहुंचाने की कोशिश किसी न किसी तरह करते रहेंगे तो हमारे देश और समाज कभी भी बुराइयों से आजाद नहीं हो पाएगा। इसके विपरीत हम अपना ही नहीं, बल्कि अपनी भावी पीढ़ी का भविष्य भी दांव पर लगा देंगे। हमें यह बात समझनी है कि देश की खुशहाली में ही सबकी खुशहाली है। *- तपन चक्रवर्ती, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# ट्रंप का हैरिस पर हमला बेहतर दिखने का दावा

राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस के खिलाफ निजी हमला करते हुए कहा कि वह 'उनसे कहीं ज्यादा अच्छे दिखते हैं।' अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को पेंसिल्वेनिया में एक रैली में यह टिप्पणी की। ट्रंप ने 'टाइम' पत्रिका के हालिया आवरण पृष्ठ का हवाला दिया, जिसमें उपराष्ट्रपति हैरिस को दिखाया गया है। ट्रंप (78) ने 'टाइम' पत्रिका के चित्रकार द्वारा हैरिस (78) के चित्र के साथ 'अत्यधिक उदारता'' दिखाने की आलोचना करते हुए कहा, 'मैं उनसे कहीं अधिक अच्छा दिखता हूं।' ट्रंप पिछली रैलियों में भी इस तरह की टिप्पणियां कर चुके हैं।




पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, 'टाइम पत्रिका के पास उनकी (हैरिस) कोई तस्वीर नहीं है। उनके पास एक अविश्वसनीय कलाकार है जो उनके चित्र बना रहा है। उन्होंने बहुत सारी तस्वीरें लीं जो काम नहीं आईं, इसलिए उन्होंने स्केच कलाकार को काम पर रखा।' ट्रंप ने उपराष्ट्रपति हैरिस पर उनकी आर्थिक नीति को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था कि उन्हें हैरिस पर व्यक्तिगत रूप से हमला करने का 'अधिकार' है, क्योंकि वह 'उनके प्रति बहुत सम्मान नहीं रखते।''

## ऑफ बीट

# मृदा से आती ध्वनियां देती हैं मृदा की सेहत की जानकारी

अच्छी मृदा का सीधा संबंध जीवन से है। पृथ्वी की 59 प्रतिशत प्रजातियां मृदा में ही रहती हैं। वे मृदा की गुणवत्ता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाती हैं और अगर व्यापक रूप से बात करे तो ये प्रजातियां धरती की सेहत को भी दुरुस्त बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। लेकिन यह महत्वपूर्ण संसाधन खतरे में है। वर्तमान में दुनिया की 75 प्रतिशत मृदा की गुणवत्ता खराब है। वनों की कटाई, पशुओं के अत्यधिक चरने, शहरीकरण और अन्य क्रियाकलापों के कारण यह आंकड़ा 2050 तक 90 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। मृदा की गुणवत्ता में गिरावट न केवल जैव विविधता के लिए, बल्कि फसल उत्पादन जैसे कामों के लिए भी बड़ा जोखिम पैदा करती है। मिट्टी में जीवन का पता लगाने और मापने के पारंपरिक तरीके अक्सर महंगे, समय लेने वाले होते हैं। इकोअकाउस्टिक्स' एक नवीन और गैर-विनाशकारी पहल है जो मृदा गुणवत्ता की निगरानी के तरीके को बदल सकती है। हमारी शोध टीम ने ध्वनि के इस्तेमाल से मिट्टी में जीवन की निगरानी का एक सरल तरीका विकसित किया है। यह तकनीक दुनिया भर में मृदा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है।

## ट्रेंड

### नागरिकता पाएं



आज भी कुछ राज्य सरकारें हैं जो लोगों को गुमराह कर रही हैं। मैं आज देशभर के शरणार्थी बहनों- भाइयों को कहता हूँ कि, आप बेझिझक एप्लीकेशन दीजिए और नागरिकता प्राप्त कीजिए।
-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

### कानून अपनाने को कहा था



देशभर के डॉक्टर अपने खिलाफ हिंसा का विरोध करते हुए हड़ताल पर हैं, यह संसद में मेरे हस्तक्षेप की याद दिलाता है जिसमें सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए एक कानून अपनाने को कहा था। मेरे निजी सदस्य के विधेयक को खारिज कर दिया गया। -शशि थरूर, कांग्रेस नेता

### पुष्पा द्रविड़ की पेंटिंग्स



एनजीएमए में पुष्पा द्रविड़ की पेंटिंग्स की पूर्वव्यापी प्रदर्शनी को देखने का सौभाग्य मिला। वह एक ऐसी प्रतिभाशाली कलाकार हैं, जिन्होंने अमूर्त से लेकर आलंकारिक और यहां तक कि भित्तिचित्रों तक विभिन्न कला रूपों के साथ प्रयोग किया है।
-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### क्रांतिकारी मदन लाल ढींगरा



महान क्रांतिकारी मदन लाल ढींगरा ने मात्र 25 साल की आयु में खुद को देश के लिए बलिदान कर दिया था। उस अमर बलिदानी के त्याग और समर्पण को क्या हम आजाद भारत में उचित सम्मान दे पाए?
-राज बब्बर, पूर्व सांसद व अभिनेता

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।




## पांच दिनी यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगी चर्चा

# नेपाल की विदेश मंत्री आरजू देउबा राणा आज एस जयशंकर से करेंगी द्विपक्षीय वार्ता

### मेडिकल जांच के लिए निजी अस्पताल जाएंगी नेपाल की विदेश मंत्री

### दोनों पक्षों में सहयोग में प्रगति पर चर्चा होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल की नवनियुक्त विदेश मंत्री आरजू देउबा राणा आज से अपनी 5 दिवसीय भारत की यात्रा शुरू कर चुकी हैं। वह 22 अगस्त को नेपाल वापस होंगी। केपी शर्मा ओली के दोबारा नेपाल का प्रधानमंत्री बनने के बाद वह भारत आ रही हैं। पूर्व में केपी ओली के समय भारत और नेपाल के रिश्ते काफी तनावपूर्ण हो गए थे। केपी ओली को चीन का प्रबल समर्थक माना जाता है। अब केपी ओली का खास संदेश लेकर आरजू देउबा राणा नई दिल्ली की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा शुरू कर चुकी हैं। इस दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने तथा सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा



करने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगी। नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा रविवार को भारत पहुंचीं। नई दिल्ली पहुंचने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उनका स्वागत किया।

#### जयशंकर के आमंत्रण पर आईं देउबा

*विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा था कि एस जयशंकर के निमंत्रण पर देउबा भारत का दौरा कर रही हैं। उनकी यह यात्रा दोनों पड़ोसियों के बीच सदियों पुराने, गहरे और बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करेगी। आगामी यात्रा दोनों पक्षों को द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति पर चर्चा और समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी। नेपाली विदेश मंत्री देउबा 22 अगस्त तक भारत दौरे पर रहेंगी।*

#### नेपाल है भारत का अहम साझेदार

*विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत नेपाल उसका एक प्राथमिक साझेदार है। आगामी यात्रा से दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करने तथा उसमें प्रगति की समीक्षा करने का अवसर मिलेगा तथा हमारे संबंधों को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। नेपाल के संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग ने पहले बताया था कि नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा की पत्नी राणा की यात्रा प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद हो रही है ।*

### सितम्बर के पहले हफ्ते में भारत यात्रा पर आएंगे पीएम ओली

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सितम्बर के पहले हफ्ते में भारत यात्रा की तैयारी की जा रही है। चौथी बार प्रधानमंत्री बनने पर अपने पहले विदेश भ्रमण के लिए उन्होंने भारत जाने की इच्छा जताई है। हाल ही में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपने नेपाल दौरे के क्रम में प्रधानमंत्री ओली से मुलाकात कर उन्हें भारतीय प्रधानमंत्री की तरफ से भ्रमण का औपचारिक निमंत्रण पत्र भी दिया था। हालांकि पहले उनका भ्रमण थाइलैंड के बैंकाक में 4-6 सितम्बर तक तय था जहां उन्हें बिमस्टेक देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होने जाना था। प्रधानमंत्री ओली की यहीं बैंकॉक में ही भारत के प्रधानमंत्री के साथ साइडलाइन मुलाकात तय थी। लेकिन थाईलैंड में हाल ही में हुए सत्ता परिवर्तन और बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद बैंकॉक में होने वाले बिमस्टेक सम्मेलन के स्थगित होने की पूरी संभावना है। नेपाल की तरफ से इसी तारीख में ओली के भारत भ्रमण का आग्रह किया गया है।



## शिनावात्रा को पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैतोंगटार्न शिनावात्रा को थाईलैंड की प्रधानमंत्री नियुक्त किए जाने पर बधाई दी है। उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हुए प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे।



दोनों देशों के बीच संस्कृति, सभ्यता और जनसंपर्कों की नींव पर आधारित संबंधों की एक ऐतिहासिक विरासत है। पैतोंगटार्न शिनावात्रा को आज सुबह फेउ थाई पार्टी मुख्यालय में थाईलैंड के 31वें प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त करने का शाही आदेश मिला है। 37 वर्षीय पैतोंगटार्न इतिहास में सबसे कम उम्र की थाई प्रधानमंत्री हैं और अपनी आंटी यिंगलक शिनावात्रा के बाद दूसरी महिला प्रधानमंत्री हैं।

### समुद्र में फंसे लोगों को मिलेगी सुरक्षा

## केन्द्रीय मंत्री राजनाथ ने आईसीजी के एमआरसीसी इमारत का किया उद्घाटन



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को यहां एक नवनिर्मित अत्याधुनिक भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) भवन का उद्घाटन किया। श्री सिंह ने इसके अलावा चेन्नई में क्षेत्रीय समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया केंद्र (आरएमपीआरसी) और पुडुचेरी में तटरक्षक वायु एन्क्लेव (सीजीएई) का भी उद्घाटन किया।

#### समुद्र में फंसे नाविकों के लिए कारगार साबित होगी योजना

उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय समन्वय में एक बड़ी प्रगति को उजागर करता है, जो भारतीय समुद्र तट पर समुद्री सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चेन्नई में नया एमआरसीसी प्रतिष्ठित संस्थान बनने के लिए तैयार है, जो समुद्र में संकट में फंसे नाविकों और मछुआरों के लिए समुद्री बचाव कार्यों के समन्वय और प्रभावशीलता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा।

### कुवैत के क्राउन प्रिंस से मिले डॉ. एस जयशंकर एक्स पर शेयर की तस्वीरें

## भारत और कुवैत के बीच सदियों पुराना सद्भावना और मित्रता का रहा है बंधन

एजेंसी ▶▶ कुवैत

विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को एक दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे और इस दौरान वह भारत-कुवैत द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर कुवैत के नेतृत्व के साथ बातचीत की। जयशंकर के देश में आगमन पर कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या ने उनका स्वागत किया। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करके कहा, ''नमस्ते कुवैत। गर्मजोशी के साथ स्वागत करने के लिए विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या का धन्यवाद करता हूं। राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री की शुभकामनाएं दीं। भारत और कुवैत के बीच सदियों पुराना सद्भावना और मित्रता का बंधन है।



### विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे

## जम्मू-कश्मीर में एक हजार कंपनियां तैनात, शांतिपूर्वक हो सकेगा मतदान

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव, तीन चरणों में संपन्न होंगे। पहले चरण का मतदान 18 सितंबर को होगा, जबकि दूसरे चरण की वोटिंग, 25 सितंबर को होगी। तीसरे चरण के तहत के लिए विशेष रणनीति बनाई है। चूंकि जम्मू कश्मीर में मौजूद आतंकी, चुनाव में बाधा पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं, इसके मद्देनजर जेएंडके में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 1000 कंपनियां तैनात की जाएंगी।



#### केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 465 अतिरिक्त कंपनियों की तैनाती

विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, 18 अगस्त को केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश जारी हो गया है। राज्य में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 465 अतिरिक्त कंपनियों की तैनाती होगी। इसमें 315 कंपनियां, बाहर से आएंगी। बाकी 150 कंपनियां ऐसी हैं, जो वहां पर पहले से अपने ओरिजनल प्लेस पर तैनात हैं। उन्हें अपने ड्यूटी स्थल के आसपास ही तैनात किया जाएगा। इनमें 315 डायरेक्ट कंपनियां रहेंगी। अगर 315 कंपनियों की बात करें तो इनमें से जम्मू क्षेत्र के लिए सीआरपीएफ की 55, बीएसएफ की 60, सीआईएसएफ 50, आईटीबीपी 50, एसएसबी 70 और आरपीएफ की 30 कंपनियां तैनात की जाएंगी। कश्मीर जोन के लिए इनमें से कोई कंपनी तैनात नहीं होगी।

### टायर फटने से हुआ बड़ा हादसा

## टेक्सास में सड़क हादसा, भारतीय मूल के मां-पिता और बेटी की मौत

**टेक्सास।** अमेरिका में हुए एक कार हादसे में भारतीय मूल के एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। यह सड़क दुर्घटना टेक्सास के लैंपासस काउंटी में हुई। बताया गया है कि सड़क हादसे में 45 वर्षीय अरविंद मणि, उनकी पत्नी 40 वर्षीय प्रदीपा अरविंद और 17 वर्षीय पुत्री एंड्रिल अरविंद की मौत हो गई। अरविंद मणि और उनका परिवार लीएंडर में रहता था। परिवार में अब सिर्फ एक ही सदस्य रह गया है। बताया गया है कि अरविंद मणि का 14 वर्षीय बेटा आदिर्यान हादसे के समय में कार में मौजूद नहीं था। टेक्सास के सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि एक कैडलैक कार यूएस रूट संख्या 281 पर जा रही था। इस कार को 31 वर्षीय जासिंटो कोव चला रहे थे। इसके अलावा अरविंद मणि किया कार पर सवार थे। आगे बताया गया है कि तेज रफ्तार कैडलैक कार के पीछे का टायर फट गया था।

## भारत में गिरी बिजली नासा के अंतरिक्ष यात्री ने खींच ली फोटो



### अब तक इस पोस्ट को 1 मिलियन से ज्यादा लोगों ने देखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नासा के अंतरिक्ष यात्री मैथ्यू डॉमिनिक ने हाल ही में अंतरिक्ष से ली गई भारत की एक दुर्लभ और दिल को छू लेने वाली तस्वीर शेयर की है। 17 अगस्त को पोस्ट की गई इस तस्वीर में रात के आकाश में बिजली गिरने का एक चमकदार और शानदार नजारा दिख रहा है। धरती के बैकग्राउंड में कैद इस बिजली की चमक ने सोशल मीडिया यूजर्स को हैरान कर दिया है। खास बात यह है कि यह तस्वीर इतनी परफेक्ट है कि इसे किसी एडिटिंग की जरूरत ही नहीं पड़ी। इस पोस्ट को अब तक 1 मिलियन से ज्यादा लोग देख चुके हैं और यह तेजी से वायरल हो रही है। डॉमिनिक ने इस तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'रात के समय भारत के ऊपर बिजली' बिजली को तस्वीर में कैद करने के लिए मैं बर्स्ट मोड का इस्तेमाल करता हूं। उम्मीद करता हूं कि बिजली फ्रेम में आ जाए। मैं बेहद खुश था जब यह बिजली बिल्कुल फ्रेम के बीच में आ गई।






## जैकेट के शेष

### इस बार भाई ...

अंतर्गत ग्राम टेकलगुडम और जोनागुडा के जंगल के बीच नक्सलियों से मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुआ था। गरियाबंद के मैनपुर थाना अंतर्गत ग्राम मोहंदा के शहीद सुखसिंह फरस की बहन सोमवार को रक्षाबंधन के दिन अपने शहीद भाई के प्रतिमा को राखी बांधेगी, रक्षा बंधन से पहले परिवारजनों ने शहीद की प्रतिमा की साफ सफाई के साथ ही तैयारी किया जा रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 15 किलोमीटर दूर ग्राम मोहंदा के अमर शहीद सुखसिंह फरस भारत माता की सेवा करते हुए 3 अप्रैल 2021 को नक्सल विरोधी सर्चिंग अभियान में वापसी करते समय थाना तरेंम अंतर्गत ग्राम टेकलगुडम और जोनागुडा के जंगल के बीच नक्सलियों से मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुआ था। उनके परिजनों ने 3 अप्रैल 2024 को ग्राम मोहंदा के मुख्य चौक में शहीद सुखसिंह फरस की प्रतिमा का लगाई गई है। प्रतिमा लगाने के बाद पहली रक्षाबंधन में शहीद की बहनों के द्वारा सोमवार अपने शहीद भाई के प्रतिमा को राखी बांधी जाएगी। **त्योहारों पर पूरा गांव करता है श्रद्धा सुमन अर्पित :** शहीद के पिता फगनुराम फरस एवं माता मांगी बाई फरस ने बताया कि उनके 03 पुत्र और 03 पुत्री है। जिसमें से शहीद सुखसिंह फरस नक्सली भुठभेड़ में शहीद हो गए। गरियाबंद पुलिस द्वारा भी 15 अगस्त, 26 जनवरी एवं उनकी शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। **दोस्तों ने कहा, बचपन से ही सुखसिंह थे होनहार :** शहीद के बचपन के मित्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता यशवंत यादव, हुमन सिंह नागेश, नूतन मरकाम ने बताया कि उनके मित्र शहीद सुखसिंह फरस बचपन से काफी होनहार और साहसी थे।

### तड़के 3:04 बजे ....

आज बन रहा है। उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग में महाकाल को पहली राखी भस्म आरती के बाद बांधी जाएगी। 19 अगस्त को सुबह प्रारंभ हुई पूर्णिमा तिथि आज रात 11 बजकर 55 मिनट पर समाप्त होगी। अतः 11:55 के पूर्व राखी बांधना ही उचित है।वैदिक पंचांग के अनुसार, राखी बांधने का शुभ समय 19 अगस्त सोमवार को दोपहर 1.32 बजे से रात 9.08 बजे तक है। इस दौरान रक्षा सूत्र बांधने से भाइयों को लंबी उम्र के साथ सुख-समृद्धि भी प्राप्त होगी। गौरतलब है कि यह लगातार तीसरा वर्ष है, जब भद्रा के कारण भाइयों की कलाइयां देर तक सुनी रहेगी। इसके पूर्व 2022 और 2023 में भद्रा संध्या पश्चात रात्रि में समाप्त हुई थी।

### रात्रि 8:40 तक रहेगा ....

यह अद्भुत संयोग है। ये सभी महासंयोग जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आते हैं। आज सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 5 बजकर 53 मिनट से लेकर 8 बजकर 10 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा, शोभन योग 19 अगस्त की सुबह 4 बजकर 28 मिनट से शुरू होगा और समापन 20 अगस्त की रात 12 बजकर 47 मिनट पर होगा। हालांकि, भद्रा के कारण इन शुभ योगों के होते हुए भी राखी नहीं बांधी जा सकती है। भद्रा समाप्ति का इंतजार करना ही होगा।

### छह फीट ऊंचा ...

सावन सोमवार को शिवलिंग की पूजा एवं अभिषेक करने शिवभक्त उमड़ेंगे। मंदिर जय महाकाली हनुमान समिति, विहिप, अंतर्राष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार एवं बोलबम सेवा समिति सिलघट, कौही, सुपेला, सेमरा, सिलतरा, बोरेन्दा के संयुक्त तत्वाधान में श्रद्धालुओं द्वारा विशेष पूजा-अर्चना के साथ विशाल मानव श्रृंखला बनाकर खारून नदी के जल से भगवान शिवलिंग का अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात महाप्रसादी भोग भंडारा का आयोजन किया जायेगा। **जब स्वामी के सपने में आए महादेव :** ग्राम कौही में खारुन नदी के किनारे 15 एकड़ भू-भाग में फैले आनंद मठ के मुख्य मंदिर में विराजमान स्वयंभू शिवलिंग खुदाई करते हुए खंडित हो गई। तब से स्वामी मोहनानंद को सपने में महादेव दिखाई दिए। जिसके बाद शिवलिंग के साथ मंदिर निर्माण का आदेश मिला है। जिसके बाद स्वामी जी ने जन सहयोग से मंदिर का निर्माण कराया। मंदिर निर्माण के पहले लगभग 20 से 25 फीट खुदाई की गई, लेकिन शिवलिंग का अंतिम छोर नहीं मिला।

### क्या है मान्यता, क्यो ....

शिव मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि पर तीन दिनों तक मेला लगता है। महाशिवरात्रि के अवसर पर लोग अपनी मनोकामना लेकर आते है और शिवलिंग के दर्शन कर मनोकामना पूरी करने के लिए आशीर्वाद लेते है। जनश्रुति है कि 100 साल पहले यहां के स्वामी मोहनानंद की साधना से खारुन नदी के जलमार्ग से, कोलकाता से चलकर मां काली यहां पहुंची थी। इसके बाद खारुन के तट पर विराजमान हो गई।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा ....

कोलकाता पुलिस से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दिया था। सरकारी अस्पताल के 'सेमिनार हॉल' में 'जूनियर डॉक्टर' से कथित बलात्कार और हत्या की वारदात के बाद देशभर में व्यापक स्तर पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच, कोलकाता में रविवार को पोस्टर और तख्तियां लेकर आए चिकित्सकों ने नौ अगस्त को हुई इस घटना के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए नारे लगाए।

### पूर्व प्राचार्य की ....

और डेटा उपयोग की जानकारियां प्राप्त करने के लिए मोबाइल फोन सेवा प्रदाता से संपर्क करने पर विचार कर रहे हैं।

### हरभजन ने राज्यपाल-सीएम ....

बलात्कार और हत्या मामले में न्याय में देरी पर गहरी पीड़ा हुई।

### आकाशीय बिजली गिरने ....

सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ ले गए,परन्तु तब तक युवती की सांसे थम चुकी थी। घटना की सूचना पर पहुची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

### शाह छत्तीसगढ़ में ....

साल में नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। यहां पर भाजपा की सरकार बनने के बाद लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने नियद नेल्लानार योजना भी प्रारंभ की है। इस योजना का भी बड़ा असर देखने को मिल रहा है।

### खिलौने को लेकर ....

साथ में रखकर उनका पालन पोषण करता था। घटना के दिन सलमान के दो बच्चियां जिनमें एक की उम्र 8 वर्ष एवं दूसरे बच्चे की उम्र 6 वर्ष खिलौना लेने को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे थे। इस बीच उनके पिताजी ने खिलौना लेने की बात को लेकर दोनों बच्चियों को घर में रखे बत्ता से मारना पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों बच्चियां घर में ही सो गई। इधर, रात 10 बजे सलमान जब अपनी बेटियों को खाना खिलाने के लिए उठाने गया तो उसकी बड़ी लड़की जिसकी उम्र 8 वर्ष है, वह गंभीर हालत में पड़ी हुई थी। दूसरी 6 वर्षीय बालिका अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी। डॉक्टर ने 6 वर्षीय मासूम को मृत घोषित कर दिया।

### पिकअप और बस ...

गए जिसमें से 10 यात्रियों की मौत हो गयी। उन्होंने कहा कि 27 घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है।

### ट्रक से टकराया ...

ने बताया कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति ने रविवार को अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### राहुल बोले-छीना जा ....

सेवा और भारतीय वन सेवा और अन्य 'ग्रुप ए' सेवाओं के अधिकारी तैनात होते हैं। गांधी ने दावा किया, सरकार के मंत्रालयों में पदों पर 'लेटरल एंट्री' के जरिए भर्ती कर खुलेआम एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण छीना जा रहा है।" उन्होंने कहा, "मैंने हमेशा कहा है कि शीर्ष नौकरशाहों समेत देश के सभी शीर्ष पदों पर वंचितों का प्रतिनिधित्व नहीं है, उसे सुधारने के बजाय 'लेटरल एंट्री' द्वारा उन्हें शीर्ष पदों से और दूर किया जा रहा है।

## चिनार पुस्तक महोत्सव...



**श्रीनगर।** श्रीनगर में चिनार पुस्तक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआईसीसी) में विजिटर्स।

# जेपीसी के समक्ष 22 को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री होंगे हाज़िर, बतायेंगे कैसे बना वक्फ बोर्ड विधेयक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बहुचर्चित वक्फ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति में पहली विस्तृत चर्चा 22 को तय की गई है। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू जगदंबिका पाल के नेतृत्व वाले 31 सद्सीय संयुक्त समिति को विधेयक के ड्राफ्ट, उसको तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। विदित हो कि विधेयक पर संसद के बाहर और बाहर जमकर हंगामा हुआ था। विपक्ष सहित कई तंजीमो के आलंबरदारों ने ये सरकार पर ये आरोप चस्पा किया था कि विधेयक के कानून का शक्ल अख्तियार करने के बाद जो पक्ष सबसे ज्यादा प्रभावित होगा उनको विश्वास में नहीं लिया गया।





संसद के पटल पर विरोध को देखते हुए सरकार ने विधेयक को संसदीय संयुक्त समिति को भेजने की मांग को स्वीकार करते हुए, समिति की घोषणा की थी। भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदंबिका पाल को समिति का अध्यक्ष बनाया गया। लोकसभा के 21 सदस्यों को समिति में जगह दी गई, जबकि राज्यसभा के 10 सांसद भी संयुक्त समिति का हिस्सा होंगे। समिति में लोकसभा से 21 में 12 सदस्य भाजपा नेतृत्व वाले राजग गठबंधन से हैं। राज्यसभा के 4 भाजपा, 4 विपक्ष 1 वाईएसआर कांग्रेस के सदस्य हैं और एक मनोनीत सांसद को जगह दी गई है। वाईएसआर के सांसदों ने विधेयक का विरोध किया था। जाहिर है समिति में राजग गठबंधन बहुमत में है।

### 40 संशोधन प्रस्तावित

वक्फ बोर्ड विधेयक में 40 संशोधन प्रस्तावित हैं। जिसमें सबसे ज्यादा विवाद गैर मुसलमानो और मुस्लिम महिलाओं को वक्फ बोर्ड में मेंबर बनाये जाने पर है। वक्फ बोर्ड देश भर में फैले वक्फ की जमीनों का देखभाल करता है। शरद पवार की पार्टी के वरिष्ठ नेता और 2 जी मामले में संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष रहे पीसी चाको का मानना है संयुक्त समिति बिठाने से कोई मतलब नहीं। अगर, विधेयक में वाकई बदलाव कर्ता तो विधेयक को सेलेक्ट कमिटी को भेजा जाना था। चाको ने बताया संयुक्त संसदीय समिति की अनुशंसा सरकार मानने को बाध्य नहीं। केंद्र सरकार का दावा है कि विधेयक को तैयार करने में 2006 और सच्चर कमेटी की अनुशंसा को धुरी में रखा गया है।

### रूस के दो महत्वपूर्ण पुलों को यूक्रेन ने किया नष्ट

**कीव।** यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पुल को नष्ट कर दिया है तथा पास में ही स्थित एक और पुल पर हमला किया है। यह हमला सीमा पार से की गई घुसपैठ के दो सप्ताह से भी कम समय में हुआ है।


कार्यालय रा.नि.मं.-रायपुर-01

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 14.08.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शिव शंकर तिवारी पिता श्री मंगला प्रसाद तिवारी निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम रायपुरा पटवारी हल्का नंबर-57 राजस्व निरीक्षक मण्डल 01 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 276/9 रकबा 0.025 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार /अतिरिक्त /नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 29/07/2024 के परिपालन में दिनांक 21/08/2024 को समय 12:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह नियत तिथी में पटवारी हल्का नंबर 57 के रायपुरा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं या किसी वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर 01


## पेज एक के शेष

### आबकारी की ही जांच...

है। जानकारों की मानें तो सावन के महीने में पीना कुछ कम हो जाता है, लेकिन अब सोमवार से सावन खत्म हो रहा है। ऐसे में मनपसंद ब्रांड न मिलने से शराब की सरकारी बिक्री में कमी तो आएगी ही। इसके साथ ही सरकार के आबकारी राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य पर भी असर पड़ने की आशंका है।

### आबकारी से मिलता....

था, लेकिन हाल के वर्षों में इसे बढ़ा दिया गया है। जानकारों का दावा है कि अब यह लक्ष्य करीब 11 हजार करोड़ रुपए रखा गया है। राज्य में संभवतः पहली बार इतना बड़ा लक्ष्य रखा गया है। इसकी पूर्ति हो पाएगी या नहीं, ये अलग बात है, लेकिन पूर्ति तभी हो सकती है, जब पीने वालों को उनकी पसंद का ब्रांड सरकारी दुकानों पर मिल पाए।

### लक्ष्य की पूर्ति के लिए...

अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान सभी जिलों एवं संभाग के प्रभारी अधिकारियों को जिलों की मदिरा दुकानों के नियमानुसार संचालन एवं विभाग द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्य की पूर्ति के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। जारी निर्देशों के मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन की समीक्षा करने पर बिलासपुर जिले में कार्य संतोषप्रद नहीं पाया गया था। यही नहीं, इस जिले की काफी शिकायतें भी आ रही थीं, इसके बाद आबकारी मुख्यालय ने 8 वरिष्ठ अधिकारियों की टीम बनाकर बिलासपुर भेजा और 18 शराब दुकानों की जांच में कई तथ्य सामने आए।

### सबसे बड़ी खामी...

में उपलब्ध समस्त प्रकार के मदिरा ब्रांड को विक्रय काउंटर पर नहीं रखा जा रहा है। इसी तरह कुछ अन्य खामियां भी सामने आई हैं।

### झारखंड में सियासी उबाल...

गलत किया, ना होने दिया। इसी बीच, हूल दिवस के अगले दिन, मुझे पता चला कि अगले दो दिनों के मेरे सभी कार्यक्रमों को पार्टी नेतृत्व द्वारा स्थगित करवा दिया गया है। इसमें एक सार्वजनिक कार्यक्रम दुमका में था, जबकि दूसरा कार्यक्रम पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण करने का था।

### देवेंद्र की गिरफ्तारी पर...

कर रही है। रविवार को कांग्रेस ने ऐलान किया कि 20 अगस्त को विधायकों की एक बैठक करेंगे। 24 अगस्त को पूरे छत्तीसगढ़ में जोरदार प्रदर्शन सरकार के खिलाफ करेंगे। कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वे सरकार के एक्शन से डरने वाले नहीं हैं। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, हम देवेंद्र यादव के साथ मजबूती से खड़े हैं। इधर, भाजपा ने मामले में तगड़ा पलटवार किया है। सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि इसमें कोई षडयंत्र नहीं है।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने दावा किया है कि घटना से संबंधित सीसीटीवी फूटेज अगर पुलिस या प्रशासन के पास है तो उसे सार्वजनिक किया जाए। अगर कोई कांग्रेस कार्यकर्ता या नेता दोषी होगा तो मैं खुद उसे लेकर थाने तक जाऊंगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए विपक्ष और उनके नेताओं को परेशान कर रही है। उन्होंने कहा, देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी ये बताती है कि बीजेपी के नेताओं में बौखलाहट है। सरकार के दबाव में पुलिस ने यह एक्शन लिया है। कांग्रेस के लोगों को नोटिस मिल रहा है, लेकिन भाजपा के लोगों को एक भी नोटिस नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, लगभग 20 धाराओं में उनके खिलाफ करवाई की गई है। जितनी भी धाराएं उनके खिलाफ लगाई गई हैं, सभी गलत हैं। भाजपा सरकार नहीं चला पा रही है। जनता के बीच में भाजपा की गलत छवि बन गई है। लोगों का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा ऐसा कर रही है। सतनामी समाज को बदनाम करने और समाज के आंदोलन को कुचलने का काम भाजपा नेताओं ने किया है।

**कांग्रेस का राज्य सरकार पर आरोप :** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि आठ महीने के भीतर बीजेपी का चरित्र अलोकतांत्रिक हो गया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि कभी सीबीआई तो कभी ईओडब्ल्यू के नाम पर हमारे नेताओं को फंसाने की साजिश रची जाती है तो कभी उन पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जाते हैं, लेकिन हम किसी भी कीमत पर डरने वाले नहीं हैं। सरकार के सामने डटकर खड़े रहेंगे। विपक्ष की आवाज नहीं दबेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, बलौदाबाजार की घटना सीधे-सीधे सरकार के इंटेलिजेंस के फेल होने का नतीजा है। सरकार अपनी नाकामी छिपाने की कोशिश कर रही है। अगर पूर्व में भी सीबीआई जांच की मांग मान ली जाती तो ये घटना नहीं घटती। ये सरकार लॉ एंड आर्डर का राज कायम करने में नाकाम साबित हुई।

### षडयंत्र के तहत काम कर...

गिरफ्तारी की हम निंदा करते हैं। हम सब उनके साथ हैं, क्योंकि देवेंद्र के साथ कोई अप्रत्याशित घटना न हो। भाजपा की सरकार षडयंत्र के तहत काम कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल की बैठक 20 अगस्त को नेता प्रतिपक्ष कार्यालय छत्तीसगढ़ विधानसभा में बुलाई गई है। बैठक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर स्मरण श्रद्धांजलि और भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी समेत प्रदेश के विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी।

### कोई राजनीतिक षड्यंत्र...

समझकर कार्रवाई की है। विधायक देवेंद्र यादव कोई छोटा-मोटा आदमी नहीं है, विधायक हैं।

### गुरु खुशवंत बोले- देवेंद्र तो...

और इसलिए पत्रकार वार्ताएं कर तथ्य और सत्य से परे बातें कर अब प्रदेश की जनता का ध्यान भटकाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। गुरु खुशवंत साहेब ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी पर पत्रकारवार्ता करके कांग्रेस यही सवाल खड़ा कर रही है कि विधायक देवेंद्र यादव कहीं-न-कहीं किसी साजिश में संलिप्त तो नहीं हैं? गुरु खुशवंत ने कहा, जहां भी कांग्रेस हारती है, वहां अराजकता पैदा करने के बहाने तलाशती रहती है। बलौदाबाजार के घटनाक्रम से यही लगता है कि इस ईको सिस्टम की मंशा बड़े स्तर पर खून-खराबा कराने की थी। शासन की मुस्तैदी के कारण इतनी बड़ी घटना के बावजूद किसी तरह की जनहानि नहीं होना बड़े संतोष की बात है। कांग्रेस को दुख ही इसी बात का है कि क्यों बड़े स्तर पर जनहानि नहीं हुई।

**कांग्रेस एससी वर्ग की दुश्मन :** गुरु खुशवंत ने कहा, कांग्रेस अनुसूचित जाति समाज की सबसे बड़ी दुश्मन है। आरक्षण समेत अनेक मामले इस बात के गवाह हैं। भूपेश शासन में इस समाज के युवकों को नग्न प्रदर्शन तक करना पड़ा था, इससे बड़ा सबूत कांग्रेस के अजा विरोधी होने का और क्या होगा। उन्होंने कहा, पुलिस गुण-दोष के आधार पर कारवाई करेगी। दोषी चाहे कितना भी बड़ा व्यक्ति हो, उसे छोड़ा नहीं जाएगा। गुरु खुशवंत ने कहा, बलौदाबाजार में हुई आगजनी की भीषण वारदात एक सुनियोजित राजनीतिक षडयंत्र है। षडयंत्रकारियों का प्रदेश के सामाजिक सौहार्द्र को खत्म कर भाजपा सरकार को बदनाम कर राजनीतिक लाभ लेने का उद्देश्य था, लेकिन प्रदेश सरकार की सक्रियता और सूझबूझ से षडयंत्रकारी अपनी बदनीयती में नाकामयाब रहे। अब इस मामले की न्यायिक जांच में सारे तथ्य और सत्य सामने आएंगे, इसलिए कांग्रेस के नेता अपने बेनकाब हो जाने के डर के मारे बिलबिला रहे हैं।

### इस मानसून हिमाचल...

घटनाओं में 31 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग लापता हो गए। लाहौल और स्पीति में 22 ऐसी घटनाएं हुईं, जो राज्य में सबसे अधिक हैं, इसके बाद किन्नौर में 11, ऊना में छह, कुल्लू और मंडी में तीन-तीन, सिरमौर में दो जबकि चंबा, हमीरपुर, शिमला और सोलन जिलों में एक-एक ऐसी घटनाएं हुईं।

### इजराइल के लिए यूएस नेवी ने उतारे 34 जंगी जहाज

**तेल अवीव।** अमेरिका अपने मित्र देश इजराइल को बचाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहा है। ईरान और उसके साथी देशों और आतंकी समूहों के हमलों से बचाने के लिए अमेरिका ने अपनी नौसेना का 30 फीसदी हिस्सा भूमध्यसागर और उसके आसपास तैनात कर दिया है। कैरियर स्ट्राइक ग्रुप अब्राहम लिंकन एक से दो दिन में भूमध्यसागर तक पहुंच जाएगा।

## राशिफल

**मेष:** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक:** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ:** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन:** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री प्रीत कुमार सोनी पिता श्री जोहन लाल निवासी- मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता श्री रोशन लाल मारकण्डेय पिता श्री छग्गूलाल निवासी ग्राम- छिंदोली तह. व जिला महासमुंद (छ.ग.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो वाकै मौजा ग्राम- छिंदोली, प.ह.नं. 00021 रानिमं. झलप, तह. जिला महासमुंद (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. क्रमशः 242/2, 244, 277/2, 278, 279, 280/1, 281/1, 283/1 एवं रकबा क्रमशः0.1400, 0.6500, 0.0200, 0.1700, 0.1200, 0.3562, 0.2000 हेक्टे. भूमि अर्थात कुल खसरा 7 एवं कुल रकबा 1.6562 हेक्टे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर दी गई है, मात्र विक्रय विलेख निष्पादन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, कंपनी, संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति होवे तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय सुसंगत दस्तावेज अपनी आपत्ति या दावा मेरे समक्ष दर्ज करावे, अन्यथा म्याद पश्चात की गई आपत्ति व दावा मान्य न होकर विधिक शून्य हावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होवेगी।

सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 18/08/2024

भवदीय
नरेन्द्र कुमार साहू एवं
किशोर कुमार मिश्रा अधिवक्तागण
मिलन चौक, संजय नगर,
टिकरापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)
मो.- 9329526907



## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति सरायपाली जिला महासमुंद (छ.ग.)

E-Mail ID: mandi-saraya.cg@nic.in
Tel. No. 07725-226339, 226370 Fax No. 07725-226339

क्र./मण्डी/निर्माण/निविदा/2024-25/215 — सरायपाली दिनांक 16/08/2024

**-: मेन्यूवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना :-**

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति सरायपाली जिला महासमुंद (छ.ग.) में कार्य के सम्मुख दर्शित लागत अनुसार निर्माण स्थल पर कार्य कराये जाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन के एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहर बंद निविदाएं केवल पंजीकृत डाक से तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक 10.09.2024 को सायंकाल 5.00 बजे तक उनके कार्य के सम्मुख दर्शित दर अनुसूची के आधार पर निविदा प्रपत्र-अ (प्रतिशत दर) में कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति सरायपाली जिला महासमुंद (छ.ग.) में आमंत्रित की जाती है। कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है -

**(1) निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 27.08.2024 (2) निविदा प्रपत्र प्रदाय की अंतिम तिथि 31.08.2024 (3) पंजीकृत डाक के निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि दिनांक 10.09.2024 (4) निविदा खोले जाने की तिथि 13.09.2024 को दोपहर 4.00 बजे ।**

| क्र. | | कार्य का नाम एवं निर्माण स्थल | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | बयाने की राशि रू. (एफडीआर में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यावधि वर्षा ऋतु छोड़कर | निविदा प्रपत्र का मूल्य | एस.ओ.आर. का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | कृषि उपज मण्डी समिति सरायपाली | पुराना मण्डी प्रांगण सरायपाली में ब्लॉक ए सब्जी दुकान 10 नग कार्य | 19.22 | 15000/- | "डी" एवं उच्च | 06 माह | 1000.00 | C.G. P.W.D. building Work S.O.R. w.e.f. 01- 01-2015 & electrical S.O.R. w.e.f. 01.07.2015 |
| 02 | | पुराना मण्डी प्रांगण सरायपाली में ब्लॉक डी सब्जी दुकान 10 नग कार्य | 19.27 | 15000/- | "डी" एवं उच्च | 06 माह | 1000.00 | |
| 03 | | पुराना मण्डी प्रांगण सरायपाली में ब्लाक सी सब्जी दुकान 10 नग कार्य | 19.32 | 15000/- | "डी" एवं उच्च | 06 माह | 1000.00 | |
| 04 | | पुराना मण्डी प्रांगण सरायपाली में कव्हर्डशेड प्लेटफार्म 2 नग कार्य | 19.05 | 15000/- | "डी" एवं उच्च | 04 माह | 1000.00 | C.G. P.W.D. building Work S.O.R. w.e.f. 01- 01-2015 |
| 05 | | पुराना मण्डी प्रांगण सरायपाली में पूर्व निर्मित सब्जी दुकान बरामदा विस्तार कार्य | 6.34 | 5000/- | "डी" एवं उच्च | 04 माह | 1000.00 | |
| 06 | | पुराना मण्डी प्रांगण सरायपाली में साइट डेव्हलपमेंट कार्य | 11.12 | 8500/- | "डी" एवं उच्च | 04 माह | 1000.00 | C.G. P.W.D. Road Work S.O.R. w.e.f. 01-01-2015 |
| 07 | | पुराना मण्डी प्रांगण सरायपाली में 150 एम.एम. ट्यूबवेल खनन कार्य | 1.62 | 3500/- | "डी" एवं उच्च | 01 माह | 1000.00 | C.G. P.W.D. building Work S.O.R. w.e.f. 01- 01-2015 & electrical S.O.R. w.e.f. 01.07.2015 |

(1) निविदा प्राप्त करने के लिये वैद्य पंजीयन, जी०एस०टी० पंजीयन, पेन कार्ड, विगत तीन वर्षों का आयकर चुकता प्रमाण पत्र, बैंक साल्वेंसी, (अनुमानित लागत का 15 प्रतिशत की मूल्य का) की मूल प्रति अवलोकनार्थ एवं नोटरी द्वारा प्रमाणित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा निविदा प्रपत्र दिनांक 31.08.2024 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं होगा। (2) निर्धारित बयाने की राशि एफ.डी.आर.के रूप में जो कि सचिव कृषि उपज मण्डी समिति सरायपाली के नाम देय होगा / स्वीकार किये जा सकेंगे। अन्य शर्तें एवं कार्य से संबंधित जानकारी कार्यालय में दिनांक 31.08.2024 तक देखे / प्राप्त किये जा सकते है जो कि इस निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग है।

सही/हस्ता०
सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति सरायपाली
जिला - महासमुंद (छ.ग.)

सही/हस्ता०
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति सरायपाली
जिला - महासमुंद (छ.ग.)

S-41180/1


## शब्द पहेली - 5606



**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

### शब्द पहेली - 5605 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | ■ | ■ | क | लि | का | ■ |
| प | र | ■ | ला | ■ | सा | ग | र | ■ | बु | आ |
| ह | ■ | ■ | प | ह | रा | ■ | ण | ■ | ■ | खे |
| र | स | खा | न | ■ | ■ | म | ■ | क | प | ट |
| ण | ■ | लि | ■ | न | भ | च | र | ■ | रा | ■ |
| ■ | आ | स | ■ | सी | ■ | ल | ■ | ग | स्त | ■ |
| ■ | रा | ■ | प | ह | न | ना | ■ | रु | ■ | ड |
| शा | म | त | ■ | त | ■ | ■ | ता | र | ता | र |
| य | ■ | ■ | तै | ■ | जा | हि | र | ■ | ■ | ल |
| द | म | ■ | र | सी | ला | ■ | पी | ■ | ज | ग |
| ■ | न | गी | ना | ■ | ■ | म | न | भ | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 5617

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5616 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

सावन के अंतिम सोमवार भगवान शिव को जल चढ़ाने आएंगे भक्त

# मंदिर-शिवालयों में उमड़ेगा आस्था का सैलाब... गूंजेंगे जयकारे

## काशी, उज्जैन सहित 12 ज्योतिर्लिंगों में होगी विशेष पूजा-अर्चना

सावन की अंतिम सोमवार में देशभर के शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। काशी के विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन के महाकाल मंदिर सहित 12 ज्योतिर्लिंगों में विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। सुबह से ही शिवभक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। खासकर महिलाओं में पूजा-अर्चना को लेकर काफी उत्साह रहता है। महिला व पुरुष श्रद्धालु शिवालय पहुंचकर भगवान भोलेशंकर पर फल, फूल, नैवेद्य,भांग, धथुरा, बेलपत्र आदि चढ़ाकर पूजा-अर्चना करेंगे। इसके साथ ही शिवलग पर जलाभिषेक कर अपने पूरे परिवार की मंगल कामना करेंगे। मंदिर, शिवालयों में शिवभक्त हर-हर महादेव के जयकारे लगाएंगे। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण गूंजायमान हो उठेगा। कई मंदिरों में रूद्राभिषेक कराया जाएगा। पूजन को लेकर शिवभक्तों में काफी उत्साह है।



### विश्वनाथ धाम में आस्था के जयकारे

सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में आस्था का सैलाब दिखाई देगा। सुबह से ही लंबी कतार बाबा के दर्शन को लग जाएगी। गंगा घाट दशाश्वमेध से लेकर गोदौलिया, चौक, मैदागिन और बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ के पट तक की सड़कें श्रद्धालुओं से पट जाएंगी। झांकी दर्शन के साथ ही गंगाधर को जलधार अर्पित करते हुए श्रद्धालु हर-हर, बम-बम का जयघोष करते हुए आगे बढ़ेंगे। रविवार रात से ही श्रद्धालु बाबा का दर्शन करने के लिए कतार में लग जाएंगे। दर्शन के लिए तय किये गए रास्तों पर लंबी कतार लगी रहेंगी। बाबा के भक्तों पर पुष्प वर्षा की जाएगी। हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए श्रद्धालुओं का रेला बाबा के स्वर्णमंडित दरबार की ओर बढ़ेगा।





### महाकाल में लंबी कतारें

मध्य प्रदेश के उज्जैन में सावन के अंतिम सोमवार को भगवान महाकाल के दर्शनों के लिए जबरदस्त भीड़ उमड़ेगी। अल सुबह 4 बजे होने वाली बाबा महाकाल की विशेष भस्म आरती से पहले ही भक्तों ने लंबी-लंबी लाइनें लगाना शुरू हो जाएंगी।। अंतिम सोमवार होने की वजह से भीड़ का दर्शनों को लेकर उत्साह अपने चरम पर होगा। भस्मारती में बाबा महाकाल का चन्दन, कुमकुम, भांग, बेल पत्र, फल आदि से अद्भुत श्रृंगार किया जाएगा। भस्म आरती में पंचामृत अभिषेक पूजन के बाद 5 बजे महाकाल के दर्शनों का सिलसिला शुरू कर दिया जाएा। महाकाल मंदिर का पूरा प्रांगण बाबा के जयकारों से गूंज उठेगा।

## खबर संक्षेप

### 88 पाकिस्तानी हिंदुओं को दी नागरिकता : शाह

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जानकारी दी कि सीएए के तहत 188 पाकिस्तानी हिंदुओं को भारतीय नागरिकता प्रदान की गई है।



अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, "जब बांग्लादेश में विभाजन हुआ था तब वहां 27 प्रतिशत हिन्दू थे, आज 9 प्रतिशत हैं। इतने हिंदू कहां गए। पडोस के देश से हिंदू कहा गए। हम 2019 में सीएए लेकर आए। सीएए से करोड़ों हिंदू, जैन और सिख घर्म के लोगों को नागरिकता मिलेगी। शाह ने आगे कहा कि सीएए को लेकर मुसलमानों को भडकाया गया।

### साउथ सुपरस्टार मोहनलाल अस्पताल में एडमिट

**कोच्चि।** साउथ सुपरस्टार मोहनलाल को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है।



मोहनलाल की तबीयत बिगड़ गई है, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक्टर की तबीयत को लेकर अस्पताल ने एक ऑफिशियल स्टेटमेंट भी जारी किया है, जिसमें उनकी हेल्थ अपडेट शेयर की गई है। तेज बुखार और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद उन्हें कोच्चि के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर्स की टीम उनकी देखरेख में लगी हुई है। उन्हें कुछ दवाईयां दी गई हैं।

### बांके बिहारी मंदिर में दम घुटने से श्रद्धालु की मौत

**वृंदावन।** रक्षाबंधन से एक दिन पहले रविवार को यूपी के वृंदावन



स्थित ठाकुर बाँकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर में भीड़ के दबाव के चलते लोगों का दम घुटने लगा। एक श्रद्धालु मंदिर में भी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। वह सांस नहीं ले पा रहा था। श्रद्धालु को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सोमवार को रक्षाबंधन का पर्व है। इससे एक दिन पहले ठाकुर बांकेबिहारी महाराज के दर्शन के लिए सैकड़ों की संख्या में मंदिर में श्रद्धालु पहुंचे थे।

### दिल्ली एम्स के न्यूरो सर्जन ने किया सुसाइड

**नई दिल्ली।** दिल्ली एम्स के न्यूरो सर्जन डॉक्टर ने रविवार को सुसाइड कर लिया। ड्रग का




ओवरडोज लेकर डॉक्टर ने खुद अपनी जान दे दी. घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने डॉक्टर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, डॉक्टर का अपनी पत्नी से कुछ विवाद चल रहा था। रक्षाबंधन पर पत्नी मायके गई थी, जिसके बाद गौतम नगर के अपने घर में न्यूरो सर्जन 34 साल के डॉक्टर ने ड्रग ओवरडोज लेकर सुसाइड कर लिया।

घर-मंदिरों पर हमलों के बाद अब हिंदू अल्पसंख्यकों के लिए नई मुसीबत

# बांग्लादेश में हिंदुओं की नौकरियों पर नजर, जबरन मांगे जा रहे इस्तीफे

*हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद पड़ोसी देश में फैली है अराजकता*

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के वतन छोड़ने के बाद पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों विशेषतौर पर हिंदुओं के खिलाफ जमकर हिंसा हुई। इन हमलों में कई हिंदुओं की जान चली गई। हालांकि, नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार में पिछले हफ्ते हिंदुओं के घरों, पूजा स्थलों पर हमलों में काफी कमी आई है, लेकिन फिर भी छिटपुट हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस बीच, अब हिंदुओं की सरकारी नौकरियों पर हिंसा करने वालों की नजर पड़ गई है और लोगों से जबरन इस्तीफा लिया जा रहा है। इसकी वजह से हिंदू समुदाय चिंतित है। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक हैं और उनकी आबादी 8 फीसदी है। सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण संबंधित फैसले के बाद बांग्लादेश में पिछले दिनों हिंसा फैल गई थी और कम से कम 650 लोगों की जान चली गई थी। शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत आना पड़ा था।




**नई दिल्ली।** हिंदू संगठनों के सदस्य बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के खिलाफ नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर रविवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए।

### घरों-दुकानों पर की गई तोड़फोड़

सत्ता के अभाव के बीच 5 अगस्त को बांग्लादेश के कई हिस्सों में हिंदुओं के घरों, पूजा स्थलों और व्यवसायों पर हमला किया गया। ढाका के धामराई, नटोरे, पटुआखली के कालापारा, शरीयतपुर और फरीदपुर में हिंदू मंदिरों पर हमला किया गया और तोड़फोड़ की गई, जबकि जेसोर, नोआखली, मेहरपुर, चांदपुर और खुलना में घरों पर हमला किया गया। दिनाजपुर में हिंदुओं के स्वामित्व वाली करीब 40 दुकानों में तोड़फोड़ की गई। नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने 8 अगस्त को सत्ता संभाली थी। तीन दिन तक कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से चरमरा गई थी और लोगों की सुरक्षा के लिए कोई पुलिसकर्मी नहीं था। पबना जिले के अताइकुला मदपुर अमीना खातून डिग्री कॉलेज के सहायक प्रोफेसर आशीष कुमार सरकार ने कहा, ''उस समय जब कोई सरकार नहीं थी, हम ऐसी स्थिति में थे कि हमें नहीं पता था कि अगर कुछ हुआ तो किसे फोन करें।'' आशीष कुमार ने आगे कहा, /''लेकिन अब विभिन्न राजनीतिक दलों ने हमें आश्वासन दिया है, जिसके चलते अब हम कुछ हद तक आश्वस्त हैं। पुलिस ड्यूटी पर है और सेना के जवान सड़कों पर गश्त कर रहे हैं।

### फोन कर दी जा रही धमकी

*बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई ओइक्या परिषद के महासचिव राणा दासगुप्ता कहते हैं, "हम अच्छी स्थिति में नहीं हैं और हमारी चिंताएं अभी खत्म नहीं हुई हैं" उन्होंने आरोप लगाया कि अल्पसंख्यकों के सदस्यों को सरकारी कार्यालयों और कॉलेजों तथा स्थानीय सरकारी संस्थाओं के सदस्यों से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। दासगुप्ता ने कहा, "जबरन इस्तीफा देने की प्रक्रिया शनिवार को शुरू हुई और कुछ स्थानों पर स्कूलों, विश्वविद्यालयों और नगर निगमों में अब भी जारी है।" उन्होंने कहा कि शनिवार को दोपहर 12 बजे से 3.20 बजे के बीच उन्हें ऐसे जबरन इस्तीफों के बारे में पांच फोन कॉल आए। हालांकि, उन्होंने ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया। उधर, ईसाई और बौद्ध अल्पसंख्यकों के सदस्यों ने कहा कि वे बहुत चिंतित नहीं हैं। ड्रामा डायरेक्टर जोयंता रोजारियो ने कहा कि दिनाजपुर के बिराल इलाके, राजशाही के तनोर इलाके और नारायणगंज में ईसाइयों के घरों में तोड़फोड़ की गई।*

*जंग का मैदान बना सूडान*

# बागी अर्धसैनिकों ने अपने ही 85 लोगों को मार डाला



एजेंसी ▶▶| खार्तूम

सूडान में शनिवार को अर्धसैनिक समूह के लड़ाकों ने एक गांव पर हमला बोलकर महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 85 लोगों की हत्या कर दी। घरों में आग लगा दी गई और जमकर तोड़फोड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 18 महीने से चल रहे संघर्ष की ये सबसे खतरनाक घटना है।

सूडान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के इस हमले में 150 से अधिक ग्रामीण घायल हुए हैं। बता दें कि पिछले साल अप्रैल में युद्ध शुरू होने के बाद से आरएसएफ पर बार-बार देश भर में नरसंहार, बलात्कार और अन्य गंभीर उल्लंघनों के आरोप लगते रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना का जिक्र करते हुए 3 ग्रामीणों ने बताया कि सैकड़ों की संख्या में आरएसएफ लड़ाके गांव में दाखिल हुए थे और उन्होंने इलाके को घेर कर घंटों फायरिंग की और लूटपाट की. एपी की रिपोर्ट के अनुसार, अस्पताल में 80 से ज्यादा शव दिखे, जिसमें 24 महिलाएं और नाबालिग शामिल थे।

### जानें क्यों हैं ऐसे हालात

बता दें कि सूडान में हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुसार, लड़ाई शुरू होने के बाद से अब तक 10.7 मिलियन से अधिक लोग अपने घरों से भागने के लिए मजबूर हुए हैं। उनमें से 2 मिलियन से अधिक पड़ोसी देशों में भाग गए हैं। सूडान में ये सारी लड़ाई सेना और पैरामिलिट्री रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच छिड़ी है। इसकी शुरुआत पिछले साल 15 अप्रैल को तब हुई थी, जब सेना के कमांडर जनरल अब्देल-फतह बुरहान और आरएसएफ के प्रमुख जनरल मोहम्मद हमदान डगलो के बीच टकराव चरम पर पहुंच गया था।

देहरादून में लोमहर्षक वारदात

# बस में किशोरी से गैंगरेप, दो बस ड्राइवर समेत पांच लोग गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड के देहरादून आईएसबीटी पर किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी अजय सिंह ने प्रेसवार्ता कर बताया कि बस के कर्मचारी किशोरी को दिल्ली से देहरादून लेकर आये थे। इसी बस में पांच लोगों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी दो बस ड्राइवर, एक कंडक्टर, एक कैशियर और एक सफाई कर्मचरी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उत्तराखंड से अनुबंधित बस को भी बरामद कर कब्जे में ले लिया है। बता दें कि आईएसबीटी पर किशोरी 13 अगस्त की शाम को बदहवास हालत में मिली थी। सहमी किशोरी ने मौके पर कुछ नहीं बताया। इसके बाद उसकी काउंसलिंग कराई गई, तो घटना का खुलासा हुआ। काउंसलिंग में पता चला कि किशोरी के साथ बस में सामूहिक दुष्कर्म किया गया है।

### पंजाब की है पीड़िता

जानकारी के अनुसार, पीड़ित पंजाब से दिल्ली आई और फिर मुरादाबाद के रास्ते 13 अगस्त की रात देहरादून पहुंची। जैसे ही किशोरी देहरादून आईएसबीटी पहुंची तो उसकी मानसिक हालत को देखते हुए कुछ अज्ञात आरोपियों ने कथित तौर पर उसके साथ बस में ही दुष्कर्म किया और उसके बाद मौके से फरार हो गए। किशोरी को घटना के बाद चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्लूसी) ने रेस्क्यू किया था। कमेटी के सदस्यों ने जब किशोरी की काउंसिलिंग की तब उन्हें इस घटना का पता चला।

## सड़कों पर उतरे फुटबाल फैंस...




**कोलकाता।** फुटबॉल क्लब ईस्ट बंगाल और मोहन बागान के समर्थक एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के कथित यौन उत्पीड़न और हत्या के खिलाफ कोलकाता में साल्ट लेक स्टेडियम के पास रविवार को विरोध मार्च में हिस्सा लेते हुए।

कुल 2025 अंकों की होती है यूपीएससी परीक्षा

# यूपीएससी के इतिहास में 1126 ही हैं सबसे ज्यादा मार्क्स

*जानिए पिछले दस सालों के यूपीएससी टॉपर्स के मॉर्क्स*

**नई दिल्ली।** इस साल 13.4 लाख अभ्यर्थियों ने यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा दी थी। इनमें से 14,627 इसमें सफल हुए थे। अब यही सफल अभ्यर्थी 20 सितंबर 2024 को यूपीएससी मुख्य परीक्षा देंगे। यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा के जरिए देश की टॉप सरकारी नौकरी हासिल करने का अवसर मिलता है। यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को पिछले कुछ सालों के टॉपर, उनके मार्क्स और स्ट्रैटेजी की जानकारी होनी चाहिए। यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा कुल 2025 अंकों की होती है। इसमें तीन चरण होते हैं- यूपीएससी प्रीलिम्स, यूपीएससी मेंस और यूपीएससी इंटरव्यू. यूपीएससी परीक्षा के तहत मिलने वाली सरकारी नौकरी हासिल करने के लिए तीनों चरण पास करना जरूरी है। यूपीएससी परीक्षा 2023 में आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया था। कई यूपीएससी टॉपर अलग-अलग वजहों से अक्सर चर्चा में रहते हैं। जानिए संघ लोक सेवा आयोग के इतिहास में सबसे ज्यादा मार्क्स किसने हासिल किए हैं।



**10 साल का रिकॉर्ड :** यूपीएससी के इतिहास में 1126 ही सबसे ज्यादा मार्क्स हैं। इस रिकॉर्ड को आज तक कोई अफसर नहीं तोड़ पाया है। 2017 में अनुदीप दुरीशेट्टी को ये अंक मिले थे। अनुदीप ने 2017 में यूपीएससी परीक्षा में टॉप किया था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा तेलंगाना के जगत्याल से पूरी की थी। इसके बाद उन्होंने बिट्स पिलानी से इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन में बीटेक की डिग्री हासिल की थी। बीटेक करने के बाद उन्हें गूगल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी मिल गई थी। लेकिन वह आईएएस अफसर बनना चाहते थे। इसलिए उन्होंने गूगल की नौकरी छोड़कर यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू की थी।

### यूपीएससी परीक्षा के टॉपर

यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा सिर्फ देश की ही नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे कठिन परीक्षाओं की लिस्ट में शामिल है। यूपीएससी टॉपर की चर्चा सालों तक होती है। जानिए 2014 से 2024 के बीच यूपीएससी परीक्षा में किसने टॉप किया था-

| साल | टॉपर | मार्क्स |
|---|---|---|
| 2023 | आदित्य श्रीवास्तव | 1099 |
| 2022 | इशिता किशोर | 1094 |
| 2021 | श्रुति शर्मा | 1105 |
| 2020 | शुभम कुमार | 1054 |
| 2019 | प्रदीप सिंह | 1072 |
| 2018 | कनिष्क कटारिया | 1121 |
| 2017 | अनुदीप दुरीशेट्टी | 1126 |
| 2016 | नंदिनी के.आर. | 1120 |
| 2015 | टीना डाबी | 1063 |
| 2014 | इरा सिंघल | 1082 |

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव

# आजाद को लगा बड़ा झटका पूर्व मंत्री ने की घर वापसी

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री ताज मोहिउद्दीन ने कांग्रेस का दामन थामा। गुलाम नबी आजाद के नेतृत्व वाली डीपीएपी से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने ये बड़ी घोषणा की। मोहिउद्दीन ने कहा कि मैंने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी (डीपीएपी) से इस्तीफा दे दिया है। मोहिउद्दीन ने कहा कि वह कुछ ही दिनों में कांग्रेस में फिर से शामिल हो जाएंगे, जिसके साथ वह चार दशकों से अधिक समय से जुड़े हुए हैं। मोहिउद्दीन ने कहा, "मेरा इरादा 'घर वापसी' का है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है।



### कई नेता दल बदल रहे

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। इस बीच कई नेता दल बदल रहे हैं। जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी के उपाध्यक्ष चौधरी जुल्फकार अली ने शनिवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। ये मुलाकात काफी अहम है। अटकलें हैं कि जुल्फकार बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। जुल्फकार अली सबसे पहले पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी में थे और 2008 और 2014 के विधानसभा चुनाव में दरहाल विधानसभा से चुनाव लड़ा था।

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक युवक एवं महिला की मौत

**राजनांदगांव।** मोपेड से जा रही एक महिला को स्वराज माजदा के चालक ने ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 अगस्त को रात लगभग 8 बजे चौखड़ियापारा निवासी लीना देवांगन अपनी स्कूटी वाहन में सवार होकर स्टाफ नर्स की डयूटी हेतु सुंदरा जाने के लिए निकली थी। वह जैसे ही मठपारा पेट्रोल पंप के पास पहुंची थी कि उसे स्वराज माजदा वाहन के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते ठोकर मार दिया। जिससे लीना देवांगन गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार हेतु सुंदरा स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**राखी छोड़कर जा रहे बाइक सवार को ट्रेलर ने ठोका :** इधर बागनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत भी गत दिवस हुए सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। 15 अगस्त को ग्राम थुहाडबरी अंबागढ़ चौकी निवासी तीन युवक बाईक में सवार होकर बागनदी राखी छोड़ने आए हुए थे, जहां से वापस अपने गांव लौट रहे थे। ग्राम चिरचारी के पास बाईक का पेट्रोल खत्म होने से प्रेम साहू बाईक को पैदल दूसरे साईड में पेट्रोल पंप चिरचारी में पेट्रोल डालवाने के लिए रोड क्रास कर रहा था, तभी शाम लगभग 5 बजे रायपुर की ओर से आ रहे ट्रेलर के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर प्रेम साहू को बाइक सहित ठोकर मार दिया।

### राजवाड़ा काल में श्यामसाय महाराज ने स्थापित किया था देव

# आधी रात पानाबरस में राज मंदिर से आंगा देव गायब, पत्र छोड़कर वारदात को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

आजादी के पहले जमींदारी के नाम से पहचान बनाने वाले पानाबरस राज का पुरातन मंदिर में स्थापित तुहपाल आंगा देव को अज्ञात लोगों द्वारा बीती रात मंदिर का ताला तोड़कर ले जाया गया है। इस सनसनीखेज खबर के बाद आदिवासी अनुसूचित जनजाति बाहुल्य वाले इस जिले में हड़कंप मचा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि पानाबरस राज में स्थापित मंदिर में आंगा देव को तुहपाल आंगा देव के नाम से जाना जाता रहा है, जिस पर आदिवासी समाज के साथ-साथ मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के अन्य समाज का भी आस्था लंबे समय से जुड़ा हुआ है। इसी कारण पानाबरस जमींदारी का कोई भी शुभ कार्य आंगा देव की पूजा-अर्चना के साथ ही प्रारंभ होता है। गांव में आपदा या विपत्ति आने पर भी फरियाद करने के साथ-साथ देव आज्ञा से ही समस्या का समाधान करते आ रहे हैं। घटना को लेकर बताया गया कि आधी रात को पानाबरस मंदिर का ताला तोड़कर अज्ञात लोगों द्वारा मंदिर में एक पत्र छोड़कर आगा देव को गायब कर दिया गया है।



### गढ़चिरौली से आई थी मूर्ति

बताया गया कि पानाबरस के जमींदार लाल श्याम शाह द्वारा अपने देव स्थल पर महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिला अंतर्गत निहडेली नामक स्थान से आंगा देव को लाकर पानाबरस गांव के मंदिर में आदिवासी परंपरा अनुसार पूजा-विधान से स्थापित किया गया था, जिसे तुहपाल आंगा देव के नाम से जाना जाता है।

## पुलिस को दी सूचना, एफआईआर नहीं कराई!

### आधी रात ताला तोड़कर गायब कर दिए देव को

आदिवासियों के आस्था स्थल पानाबरस से बीती रात अज्ञात लोगों द्वारा ताला तोड़कर आंगा देव की चोरी की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई है। जिससे वनांचल में हड़कंप मच गया है। हालांकि मंदिर पर एक पत्र मिला है। जिसमें लिखा हुआ है कि हमारे इष्ट देव को हम लोग ले जा रहे हैं, वे कौन लोग हैं। जिनका आदिवासी समाज द्वारा तफ्तीश किया जा रहा है।

### इष्टदेव की तरह मानते हैं आदिवासी

परंपरागत तौर पर पानाबरस जमींदारी के अंतर्गत किसी भी शुभ कार्य इष्टदेव की पूजा व आंगा देव की अनुमति लेकर किया जाता रहा है। पानाबरस जमींदारी के किसी भी गांव में विपत्ति आपदा या बीमारी फैलने पर तुहपाल आंगा देव की आराधना करते हैं व मनाते है तथा गलती के लिए क्षमा याचना करते हैं। देव आज्ञा के अनुसार कसूर भी देते हैं। मनुष्य ही नहीं पालतू पशुओं में भी बीमारी या अकाल मृत्यु से बचने के लिए पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं।

### अपने स्तर पर समाज कर रहा है खोजबीन

बताया गया कि पानाबरस के राजा स्व. लालश्याम शाह महाराज द्वारा गांव के देव स्थल में महाराष्ट्र गढ़चिरौली के निहडेली गांव से लाकर आंगा देव को स्थापित किया गया था, जो आधी रात को गायब कर दिया गया है। पानाबरस के साथ-साथ क्षेत्र के लोग अपने-अपने स्तर पर खोजबीन कर रहे हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन को सूचना दे दी गई है, परन्तु अपराध दर्ज नहीं कराया गया है। मोहला पुलिस का कहना है कि ग्रामीणों द्वारा अपराध दर्ज करवाने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## तेंदुए ने बछिया को बनाया शिकार, लोगों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकास खण्ड के अंतिम छोर के ग्राम मेचका (सोंढुर) में कई दिनों से लोगों के घर से पालतू जानवरों को तेंदुआ घर से उठा ले जा रहा है। वहीं दिन शनिवार रात्रि को ग्राम मेचका के शीतला पारा में कुन्ती बाई पति हरीनाथ के घर के गाय कोठे में एक तेंदुआ घुस गया। गाय कोठा के लखड़ी के दरवाजा से में प्रवेश कर तेंदुए ने 7 माह के दूध पीते हुए बछिया को अपना शिकार बनाया। तेंदुआ ने बछिया मारकर उसे आधा खाकर छोड़ दिया। सुबह घर के कुन्ती बाई ने कोठे में देखा तो बछिया शरीर एक भाग बाहर निकल कर खून से लथपथ था। कुन्तीबाई ने शासन से मुआवजा की मांग की है। इस घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कर शव को पीएम किया गया साथ शव को उसी जगह पर छोड़ कर कैमरा लगाया गया ताकि पुनः तेंदुए के आने पर उसे पकड़ा जा सके।



■ मेचका गांव के शीतला पारा के लोग दहशत में आए

गांव के लोगों ने बताया की रात्रि में कुत्तों की भौंकने की आवाज कई दिनों से आ रही थी। इसके दो सप्ताह पहले रोहित मरकाम के घर के आँगन में सो रहे कुत्ते को 12 बजे शिकार कर लिया गया था। इसके 1 माह पहले बंसत वैष्णव, रोहित मरकाम के घर दो कुत्ते को शिकार बनाया गया थज्ञ। इस घटना से गांव के शीतला पारा के लोग दहशत में आ गये हैं।

## चचेरे भाई पर कुल्हाड़ी से हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिस युवक ने अपने चचेरे भाई पर कुल्हाड़ी से हमला किया था, उसे कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर धारा 109 के तहत जेल भेज दिया है। दरअसल बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी में गैंदालाल सार्वा ने अपने चचेरे भाई 12वीं में छात्र मुकेश साहू के गले पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। गनीमत रही कि छात्र ने जैसे तैसे अपनी जान बचाई और जिला अस्पताल में इलाज कराया। घायल युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में तत्काल आरोपी गैंदालाल सार्वा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ग्राम पंचायत खपरी की लापरवाही और वार्ड क्रमांक 5 की पंच ने मनमानी करते हुए सड़क पर मेड़ बना दिया था, जिसके कारण घायल मुकेश के घर से निकलने वाला पानी व बारिश का पानी घायल युवक और आरोपी व्यक्ति के घर के आस पास भरा हुआ रहता है। पानी का निकासी के लिए रास्ता नहीं होने से घरों से निकलने वाला पानी और बारिश का पानी इकट्ठा हो रहा था, जिसके कारण दोनों भाइयों के बीच विवाद हुआ और एक ने अपने चचेरे भाई पर कुल्हाड़ी चला दी।

## दवाई विक्रेताओं से हुई लाखों की धोखाधड़ी, आरोपी सलाखों के पीछे

**कुरूद।** नगर में स्थित दवाई विक्रेता से लाखों रूपए के गबन के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को यूपी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी 33,48,611 रूपए की कृषि दवाई दुकान से लेकर फरार था। कुरूद पुलिस से मिली जानकारी अनुसार किसान संसार कृषि दवाई दुकान के संचालक विश्वनाथ चन्द्राकर के पास रामकेय काप साईस साल्युसन प्रालि. (कोर्टेवा



कृषि दवाई) कंपनी का डीलरशिप है, जिसका मुख्यालय दिल्ली एवं रायपुर में कार्यालय है। कंपनी डीलर सर्पोर्ट के लिए दो वर्ष पूर्व एसआईओ पोस्ट पर कोर्टेवा कंपनी ने आशुतोष सिंह पता मुकंदपुर तहसील तरबंज जिला गोंडा उत्तरप्रदेश को कुरूद में नियुक्त किया था। जो दवाई दुकान एवं अन्य दुकानों में भी कोर्टवा कंपनी दवाई का प्रचार प्रसार करता था, साथ ही दुकान से कृषि दवाई ले जाने का काम करता था एवं कृषि दवाई जो दुसरे दुकानों एवं स्वयं के नाम पर लेकर रिलेटरों को देता था।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सेल्स मार्केटिंग**

आवश्यकता है- फील्ड सेल्स मार्केटिंग कार्य हेतु C.G. के 18 जिलों में निम्न पद जिला-1, तहसील 4, गांव 8, महिला, या पुरुष, जरूरतमंद ही संपर्क करें, (एक्सपीरियंस व फ्रेशर) (सैलरी+ कमीशन) अपना, बायोडाटा व्हाट्सएप करें **ऑफिस धमतरी रायपुर- 9111444419.**(RO-6456)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे। **डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 9424-225533.**(RO-337)

**सुरक्षागार्ड**

आवश्यकता है- "होटल" जेलरोड, तेलीबांधा हेतु सुपरवाइजर 8, सुरक्षा गार्ड 45, लेडी गार्ड 8, ड्राइवर 8, कंप्यूटर ऑपरेटर 10, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास एक टाइम भोजन फ्री गार्ड हेतु) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019.** (RO-2915)

तत्काल आवश्यकता है- बंगलो एवं ऑफिस मे कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड एवं घरेलु नौकर की तत्काल आवश्यकता है अनुभव- 5 से 10वर्ष उम्र 25 से 35 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.**(RO-2929)

हरिभूमि छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Healthcare

**हेपाटाईटिस,एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या**

हेपाटाइटिस, हर्पिस, एवं एच.आई.वी. रोग अत्यंत घातक एवं खतरनाक वायरस हैं इसे किसी के कहने पर सुनी सुनाई अन्दाज से दवा खाकर समय की बर्बादी एवं जीवन से खिलवाड़ मत कीजिए, क्या आप गोली दवा ईलाज करके इस भ्रम में हैं कि रोग मुक्त हो गये अतः खून की जाँच कराएं तो पता चलेगा कि आप जड़ से रोग मुक्त हुए या नहीं। समझ में न आये तो स्वयं आकर मिले। स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) मे दाने छाले फून्सी, लाल होना फटना, जलन व दर्द योनि मे खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना मुँह में छाले, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना शरीर में खुजली होते हो तो यह हर्पिस रोग होने की संभावना है। **यौन समस्या :** इन्द्रीय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुनजन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथा स्ट्रेक्चर अर्थात (पेशाब में रुकावट बूंद बूंद या नहीं उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ध्यान रहें उपरोक्त बीमारियों का स्थाई ईलाज केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही है।

**वायरो रिसर्च एण्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड**
**सुविख्यात चिकित्सक**
**डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)**
**डॉ. वी. के. अग्रवाल** (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
**निशांत अग्रवाल** फार्मा साइंटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303948500, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- अनुभवी ड्राइवर की तुरंत आवश्यकता है अनुभव- 10 वर्ष लग्जरी कार चलाने का अनुभवी हो सेठ जी के साथ चलने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी उम्र 30 से 40 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.**(RO-2930)

आवश्यकता है- बोलेरो पिकअप के लिए ड्राइवर 4, हेल्पर 3, logistic (Transport) मे गाड़ी चलाने और पार्सल बांटने के लिए आवश्यकता है अनुभवी ही **सम्पर्क करे मोबाइल नंबर: - 7772016666.**(RO-2935)

**सेल्समैन/ऑफिस बॉय**

आवश्यकता है- दुर्ग, बांधा तालाब, गंजपारा स्थित मोड्यूलर हार्डवेयर शोरुम हेतु सेल्समैन/ऑफिस बॉय व मैनेजर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। अनुभवी कैंडिडेट को प्राथमिकता। अपना रिज्यूम व्हाट्सअप पर भेजें। **मो- 9425550555.**(आरो.-SPD/810)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं, 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223.** (RO-3919)

**कम्प्युटर/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- मेडिकल सीएंडएफ (दवाई के होलसेल डिपो) में बिलिंग कार्य हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर (युवक / युवती) की आवश्यकता है। अनुभवी ही मिले : **नरेंद्र फार्मा डंगनिया 9425542077, 9669426111.**(RO-301)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा, रायपुर** (RO-341)

आवश्यकता है- सोना चांदी दुकान में सामान बेचने स्टाफ की आवश्यकता है। पेमेंट 8000 से 15000 तक माल बेचना सिखा दिया जाएगा मार्केट में परिचय वाले की प्राथमिकता। **संपर्क : सुरेश ज्वेलर्स हलवाई लाइन रायपुर समय 1 से 8 बजे तक । 9893994319.**(RO-7360)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर**(RO-303)

आवश्यकता है- किराना व डेलीनिड्स की दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारियों की (अनुभवी को प्राथमिकता) **संपर्क:- सी-मार्केट सेक्टर-6 भिलाई मो.- 9826684859.** (आरो न.-559)

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर: - 9329103178.**(RO-2936)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

आवश्यकता है- रेडीमेड शॉप में कार्य करने हेतु लड़के और लड़कियों एंव टेलर (सिलाई हेतु) की आवश्यकता है **संपर्क प्रभु दयाल वस्त्र भंडार 10:30 से 1:00 बजे तक पता सर्कुलर मार्केट कैंप 2 भिलाई मो.9826433031.** (आरो न.-560)

**ऑफिस सहायक**

आवश्यकता है- ऑफिस सहायक हेतु युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000 +कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास या फेल। मो. **6265100904.** (RO-2941)

**टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है 12th PASS टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4, सर्विस टेक्निशियन 2, OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.**(RO-2939)

**डॉक्टर**

आवश्यकता है- होम्योपैथिक डॉक्टर की 1 पद- 2, योग्यता- BHMS पास l वेतन Rs: 15,000/- से 20,000/- **संपर्क करें:-** Normal Child Clinic, **राधा स्वामी नगर रायपुर** Call **8602470046.**(RO-2940)




**इंजीनियर/मार्केटिंग**

आवश्यकता है- रियल स्टेट कंपनी में सिविल इंजीनियर, डिजिटल मार्केटर, और मेनेजमेंट कार्य हेतु 4+ साल अनुभवी कर्मचारी चाहिए। **संपर्क : 95841-31350, ई-मेल - info@mrlayouts.com** (आरो नं -6362)

**अकाउंटेंट/टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- कलेक्शन एजेंसी को भिलाई में (1) अकाउंटेंट पद 05 वेतन- (10000-25000) (2) टेलिकॉलर पद 20 वेतन (7000-12000) (3) फील्ड एग्जीक्यूटिव पद 10 वेतन 10000 +TA. Contact : **6232010617, 7611107539 हेड ऑफिस- इ जेनेसिस फाइनेंसियल सोलूशन्स, 4/16 दक्षिण गंगोत्री, सुपेला, भिलाई.**(आरो.-SP/885)

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-** APS **इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.** (RO-2894)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

बेचना है - 12000 से 14000 Sqft प्लॉट मैन प्राईमलोकेशन, टेडेसारा चौक के पास, मुढ़ीपार रोड पर स्थित, वर्तमान में धर्मकांटा संचालित है, धर्मकांटे के साथ बेचना है। **संपर्क- 9039119999, 9926361999, 9826811199.**(RO-1711)

**जमीन**

जमीन बेचना है- शानदार निवेश का मौका भिलाई I.I.T से मात्र 5कि.मी. की दूरी में कंरजा भिलाई के प्राइम लोकेशन में आवासीय प्लाट सबसे सस्ता और सबसे अच्छा मात्र-250/- रूपये प्रति वर्गफूट बजट-फ्रेंडली प्लाट आपका इंतजार कर रहा है। अभी **कॉल करें :- 98933-70648.**(आरो नं -6366)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


## नक्सलियों का डंप गोला-बारूद एवं अन्य सामग्री किस्टाराम और भेज्जी में बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

थाना किस्टाराम एवं भेज्जी क्षेत्र में नक्सलियों के छुपाये भारी मात्रा में आर्म्स, एम्युनेशन, गोला-बारूद एवं अन्य डम्प सामग्री को पुलिस की संयुक्त टीम ने बरामद किया है। शनिवार को नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षा बलों की पार्टी विशेष नक्सली विरोधी अभियान के लिए रवाना हुए थे। अभियान के दौरान थाना किस्टाराम के ग्राम मेटागुड़ा व थाना भेज्जी के ग्राम बीराभट्टी जंगलों में नक्सली पुलिस पार्टी को देखकर छुपाकर रखे डम्प सामग्री को छोड़कर भाग खड़े हुए। डीआरजी एवं बस्तर फाईटर की संयुक्त कार्यवाही रही।

■ भारी मात्रा में जब्त विस्फोटकों में आर्म्स, एम्युनेशन हैं प्रमुख

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर 17 अगस्त को किस्टाराम से डीआरजी कमाण्डर उपनिरीक्षक मड़कम मुदराज, प्रधान आरक्षक सुन्नम समैया एवं प्रधान आरक्षक ओयम मंगड़ू, डीआरजी एवं बस्तर फाईटर का बल एवं थाना भेज्जी से डीआरजी कमाण्डर प्रधान आरक्षक उमेश कुंजाम एवं प्रधान आरक्षक विनय दुधी, डीआरजी एवं बस्तर फाईटर की संयुक्त पार्टी नक्सली गस्त सर्चिंग हेतु थाना किस्टाराम क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मेटागुड़ा, पालाचलमा, कोराजूगुड़ा एवं थाना भेज्जी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मैलासूर, भण्डारपदर, बीराभट्टी व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान 18 अगस्त को लगभग 11 से 11:30 बजे के मध्य ग्राम मेटागुड़ा के जंगल एवं थाना भेज्जी के ग्राम बीराभट्टी के जंगल पहाड़ियों में 2 जगहों पर सुरक्षा बलों की गतिविधियों को देखकर नक्सली जंगल व झाड़ी की आड़ लेकर भाग गए। तत्पश्चात घटना स्थलों की सर्चिंग करने पर नक्सलियों द्वारा छुपाकर (डम्प) कर रखे बीजीएल रायफल, बीजीएल सेल, जनरेटर मशीन, प्रिंटर मशीन, प्रिंटर कॉट्रिज, नक्सली थान कपड़ा, भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य नक्सली सामाग्रियां बरामद किया गया।



## आत्मसमर्पण करने वाले दो नक्सली बनाए गए आरक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर अपनी पत्नियों के साथ कबीरधाम पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले दो इनामी नक्सलियों को नक्सली ऑपरेशन में पुलिस को महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने पर एसपी अभिषेक पल्लव ने उनकी शैक्षिणक योग्यता पूरी करा कर उन्हें आरक्षक के पद पर नियुक्ति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आत्म समर्पित माओवादी दिवाकर उर्फ किशन उर्फ लिबरू कोर्राम नक्सलियों का पूर्व डीवीसी सचिव था। इस पर 8 लाख रुपए का इनाम था। वहीं दूसरा मंगलू उर्फ तेजू के ऊपर दो लाख का इनाम था, वह नक्सलियों के एरिया कमेटी का सदस्य था। माओवादी दिवाकर उर्फ किशन उर्फ लिबरू कोर्राम एवं उसकी पत्नी कुमारी उर्फ लक्ष्मी देवे ने 23 जून 2021 को आत्मसमर्पण किया था। नक्सली संगठन भोरमदेव एरिया कमेटी का सचिव दिवाकर ग्राम हदापार, पंचायत कुदूर, थाना मर्दापाल, जिला कोण्डागांव का रहने वाला है। नक्सली संगठन में जुड़ने के बाद वह वर्ष-2010 तक कोण्डागांव दलम में, वर्ष-2010 से माढ़ नेशनल पार्क एरिया में, 02 माह सीसीएम गणपति के गार्ड के रूप में कार्य किया।



वर्ष-2010 से 2016-17 तक एसीएम के पद पर रहते हुए कार्य किया एवं वर्ष-2016-17 से डीव्हीसी के रूप में प्रमोट होकर कान्हा-भोरमदेव एरिया कमेटी में भेजा गया। दिवाकर आत्म समर्पण करने से पूर्व डीव्हीसी/सचिव भोरमदेव एरिया कमेटी के पद पर था, जिस पर लगभग 08 लाख रुपए का इनाम शासन द्वारा घोषित था। आत्मसमर्पित नक्सली दिवाकर उर्फ किशन उर्फ लिबरू कोर्राम के विरूद्ध कुल-16 अपराध पंजीबद्ध थे। आत्मसमर्पित नक्सली दिवाकर के निशानदेही पर 23 जून 2021 को थाना भोरमदेव क्षेत्र के बकोदा जंगल में नक्सलियों के द्वारा डम्प की गई नगदी रकम 10,00,000 रुपए और अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गई। वहीं आत्मसमर्पित माओवादी मंगलू बेको उर्फ तीजू ने अपनी पत्नी राजे उर्फ वनोजा के साथ जिला बीजापुर में आत्मसमर्पण किया था।



## जॉन की पहली तनख्वाह थी 6,500 रुपए, आज एक फिल्म करोड़ों में

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की बहुचर्चित फिल्म 'वेदा' आखिरकार लंबे इंतजार के बाद 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है लेकिन क्या आप जानते हैं कि आज अरबों-खरबों के मालिक जॉन की पहली तनख्वाह कितनी थी। एमबीए करने के बाद जॉन एक कंपनी से जुड़े, जहां उनकी पहली तनख्वाह 6,500 रुपये थी। अपनी मेहनत के दम पर आज जॉन करोड़ों रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। बता दें एक वक्त था, जब जॉन केवल 6 रुपये में खाना खाया करते थे। बता दें एक वक्त था, जब जॉन केवल 6 रुपये में खाना खाया करते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जॉन लगभग 251 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। वह एक फिल्म के लिए 11-15 करोड़ रुपये चार्ज करते हैं।

लाइफ Style



# कंगना

## 6 सितंबर को सिनेमाघरों में 'इमरजेंसी'

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत की आने वाली फिल्म 'इमरजेंसी' का ट्रेलर लांच हो गया है। कंगना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर भी ट्रेलर को शेयर किया है। ट्रेलर की शुरुआत से ही जोश भरा है।

फिल्म में कंगना रनौत बतौर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रोल निभा रही हैं। फिल्म में 1975 में लगाए गए आपातकाल और उनके काम पर उंगली उठाने वाले सीन की भरमार है। वहीं, ट्रेलर लांच से पहले कंगना ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरों के साथ एक पोस्ट जारी किया है। पोस्ट में कंगना ने लिखा, 'बड़ी स्क्रिन पर फिल्म देखने के आइडिया के कॉन्स्पेशन से, फिल्ममेकर होने से बड़ी कोई चीज नहीं है, आज बेहद खास दिन है, क्योंकि आज मेरे डायरेक्शन में बनी फिल्म 'इमरजेंसी' का ट्रेलर रिलीज होने जा रहा है, खुश हूं अपना काम आप सभी को दिखाने के लिए, फिल्म में आपकी भागीदारी का इंतजार है, इससे ज्यादा कुछ और नहीं चाहिए, बतौर स्टोरी टेलर मेरे दुनिया में आपका स्वागत है, 'इमरजेंसी' 6 सितंबर को रिलीज होगी। फिल्म 'इमरजेंसी' में कंगना के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े,और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फ़िल्म इमरजेंसी का संगीत संचित बलहारा ने तैयार किया है, जबकि पटकथा और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं। इमरजेंसी 06 सितंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी।

हॉलीवुड मसाला




## नहीं रहे फ्रांसीसी अभिनेता डेलन...

**लॉस एंजिल्स।** 'द समुराई' और 'बोर्सलिनो' जैसी हिट फिल्मों का हिस्सा रहे फ्रांसीसी अभिनेता एलेन डेलन का निधन हो गया है। फ्रांसीसी सिनेमा के स्वर्णिम युग के इस सितारे ने 88 साल की उम्र में अंतिम सांस लेकर दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। एलेन के निधन से इंडस्ट्री में शोक की लहर है। साथ ही प्रशंसक भी इस दुखद खबर से काफी आहत हैं और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते नजर आ रहे हैं। एलेन डेलन के परिवार की तरफ से जारी किए गए बयान में सूचना दी गई कि उनका डौची में अपने घर पर निधन हो गया।



## अभय देओल अब करेंगे हॉलीवुड का रुख...

**मुंबई।** साल 2005 में आई फिल्म 'सोचा ना था' के जरिए अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले अभिनेता अभय देओल आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने 'देव डी', 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा', 'तेरा क्या होगा जॉनी', 'रांझणा' और 'हैप्पी भाग जाएगी' जैसी हिट फिल्मों में काम किया है। अब अभय हॉलीवुड का रुख करने वाले हैं। खुद उन्होंने यह खुलासा किया है। वह रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'डोन्ट यू बी माई नेबर' के जरिए हॉलीवुड की दुनिया में कदम रखेंगे। अभय फिल्म 'डोन्ट यू बी माई नेबर' से हॉलीवुड का रुख करने वाले हैं, जिसके निर्देशन की कमान हैरी ग्रेवाल ने संभाली है। इस फिल्म में अभय ऑस्ट्रेलियाई अभिनेत्री नताशा बैसेट के साथ आएंगे। वह पहली बार नताशा के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं।



## 'फॉलो कर लो यार' सीरीज का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** अभिनेत्री और सोशल मीडिया स्टार उर्फी जावेद अक्सर अपने अतरंगी कपड़ों और अजीबो-गरीब फैशन के चलते चर्चा में रहती हैं। उन्होंने इसी साल एकता कपूर की फिल्म 'लव सेक्स और धोखा 2' के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा है, वहीं अब उर्फी ओटीटी की दुनिया में धमाल मचोने को तैयार है। पिछले कुछ दिनों से वह अपने करियर की पहली वेब सीरीज 'फॉलो कर लो यार' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं, जिसका ट्रेलर अब रिलीज हो गया है। 'फॉलो कर लो यार' का प्रीमियर 23 अगस्त से किया जाएगा। इस सीरीज में मुनव्वर फारूकी और ओरी ने मेहमान भूमिका निभाई है। 'फॉलो कर लो यार' के निर्देशन की कमान संदीप कुकरेजा ने संभाली है। फजिला अल्लाना और कामना मेनेजेस इसके निर्माता हैं।



## 'बॉर्डर-2' में नजर आएंगे वरुण...

**मुंबई।** जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'बॉर्डर' बॉलीवुड की यादगार फिल्मों में से एक है। महज 10 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 65.57 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस फिल्म में सनी देओल और सुनील शेट्टी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। 27 साल बाद हाल ही में निर्माताओं ने 'बॉर्डर' के सीक्वल का ऐलान किया है। अब वरुण धवन इस फिल्म की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 'बॉर्डर 2' में वरुण भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। निर्माताओं ने उनसे मुख्य भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया है। अलग अवतार में नजर आएंगे वरुण कहा जा रहा है कि अभिनेता को फिल्म की कहानी भी पसंद आ गई है और उन्होंने इसके लिए हामी भर दी है।

टीवी मसाला



## 81 की उम्र में काम करने पर बिग बी बोले - अपने काम से काम रखो

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन 'कल्कि 2898 एडी' में अपने दमदार एक्शन और अदाकारी से लोगों को दिल जीता। उनके पास अभी कई और फिल्में भी हैं। इस बीच अमिताभ बच्चन इन दिनों 'कौन बनेगा करोड़पति 16' को होस्ट कर रहे हैं। वह 81 साल के हैं। इस उम्र में भी उनके काम करने को अंदाज की फैंस और ऑडियंस खूब तारीफ करती हैं। अमिताभ का चार्म और स्टारडम अभी कम नहीं हुआ हैं। हालांकि, पिछले 55 साल से फिल्म इंडस्ट्री में धाक जमाने वाले बिग बी से कई लोगों ने रिटायरमेंट लेने के लिए कहा है, जिस बिग बी ने आपत्ति जताई और एक लंबा ब्लॉग लिखा। अमिताभ बच्चन ने ब्लॉग में उन लोगों को जवाब दिया जो यह जानना चाहते हैं कि इस उम्र में उनके काम करने का क्या मकसद है? बिग बी ने अपने ब्लॉग की शुरुआत यह लिखकर की कि उनके पास इस सवाल का कोई खास जवाब नहीं है, सिवाय इसके कि, "यह मेरे लिए एक और नौकरी का अवसर है इसके अलावा और क्या कारण हो सकता है। अमिताभ बच्चन आगे लिखा कि दूसरों के पास काम करने या न करने की ऑपरच्युनिट या सिचुएशन का अपना आकलन हो सकता है। बिग बी ने ऐसे सवाल करने वालों को सलाह दी कि वह अपने काम से काम रखें। बिग बी ने लिखा, "आपको अपने काम या विचार करने की आजादी है और मुझे अपने काम की स्वतंत्रता है।

### अमिताभ ने कहा कि लोगों को अधिकार है

अमिताभ बच्चन यहीं नहीं रुके उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि कई लोग उनसे सहमत नहीं हो सकते हैं। वह सबकी सुनते हैं और जानते वह क्या कहना चाहते हैं। हर किसी को अपनी बात कहने का अधिकार है। उन्होंने लिखा,"आपने कहा, मैंने सुना, मैंने काम करने का कारण बताया मेरे पास जो कारण है वह मेरा है.. बंद शटर और ताला लगा हुआ है।

### गणपति महोत्सव की दी बधाई

अमिताभ बच्चन ने आगे कहा, "मेरा काम हो गया है और यह स्थिर है। मैं काम करता हूं.. बस .. क्या इससे कोई समस्या है? तो फिर .. काम पर लग जाओ और पता लगाओ। अमिताभ ने अपने गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। फैंस को आने वाले गणपति महोत्सव की शुभकामनाएं एडवांस में दी।

## 'खेल खेल में': अनन्या से भूमि तक इन सितारों ने फिल्म में दी आवाज

**मुंबई।** अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर और फरदीन खान जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म 'खेल खेल में' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। कॉमेडी के साथ रोमांस के तड़के से भरपूर इस फिल्म की कहानी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। एमी



विर्क, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। आप जानते हैं कि अनन्या, अपारशक्ति, अर्जुन, भूमि, जिमी और सनी ने इस फिल्म में मेहमान की भूमिका निभाई है, लेकिन ऐसा नहीं है। इन सितारों ने कुछ किरदारों को अपनी आवाज दी है।

### दर्शकों को भा रही फिल्म की कहानी

मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अक्षय की कॉमेडी दर्शकों को बेहद पसंद आई है। साथ ही फिल्म की कहानी भी काफी पसंद की जा रही है। भूषण कुमार इस फिल्म के निर्माता हैं और फिल्म की कहानी मुदस्सर अजीज ने खुद लिखी है। 'खेल खेल में' से लोगों को काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि अक्षय पिछले कई सालों से एक हिट की तलाश में है। यह तलाश 'खेल खेल में' पर खत्म हो सकती है। फिल्म की शुरुआत में निर्माताओं ने इन सभी सितारों को धन्यवाद कहा है।

## फिल्म 'रॉकस्टार' के लिए रणबीर नहीं इम्तियाज रहे पहली पसंद...

**मुंबई।** निर्देशक इम्तियाज अली ने बॉलीवुड को कई शानदार फिल्में दी हैं। 'रॉकस्टार' भी उनकी बेहतरीन फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म के हीरो रणबीर कपूर थे और इसमें काम करने के बाद असल में लोग उन्हें बॉलीवुड का रॉकस्टार कहने लगे थे। भले ही फिल्म में रणबीर पर दर्शकों ने जमकर प्यार लुटाया हो, लेकिन असल में वह इस फिल्म के लिए निर्देशक की पहली पसंद नहीं थे। खुद इम्तियाज ने हाल ही में इस राज से पर्दा उठाया है।



***जॉन को कास्ट करना चाहते थे इम्तियाज :*** हालिया बातचीत में इम्तियाज बोले, रॉकस्टार के लिए मेरी पहली पसंद जॉन अब्राहम थे। मैं उन्हीं को ध्यान में रखकर यह फिल्म बनाने वाला था, लेकिन कुछ चीजें ऐसी होती हैं, जो जीवन में नहीं होतीं।

***'हाइवे' में आलिया की जगह होतीं ऐश्वर्या :*** इम्तियाज के करियर की शानदार फिल्मों में 'हाइवे' भी शुमार है। इस फिल्म में आलिया भट्ट ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिसके बाद उनकी फैन फॉलोइंग में जबरदस्त इजाफा हुआ था। निर्देशक बोले, मैं इस फिल्म में ऐश्वर्या राय को लेना चाहता था। बिना मेकअप के वो फिल्म के लिए फिट होतीं। मैं थोड़ी परिपक्व और ज्यादा उम्र की महिला को इसका हिस्सा बनाना चाहता था, लेकिन जब आलिया से मिला तो लगा कि उनसे बेहतर कोई नहीं है।

***'रॉकस्टार' और 'हाइवे' के बारे में जानिए :*** 'रॉकस्टार' 2011 में आई थी। इसकी कहानी इम्तियाज ने ही लिखी थी। फिल्म में रणबीर के साथ नरगिस फाखरी और अदिति राव हैदरी नजर आई थीं। 60 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 108 करोड़ रुपये कमाए थे। उधर 'हाइवे' 2014 में आई और इसकी कहानी भी इम्तियाज ने ही लिखी।

### पिछली बार 'अमर सिंह चमकीला' लेकर आए थे इम्तियाज

इम्तियाज पिछली बार फिल्म 'चमकीला' लेकर आए थे, जिसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा नजर आई थीं। इम्तियाज अली ने निर्देशन की शुरुआत टीवी से की थी। छोटे पेर्दे के बाद उन्होंने फिल्मों का रुख किया। 2005 में बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म 'सोचा न था' बड़े पर्दे पर आई। 2007 में आई 'जब वी मेट' ने इम्तियाज की किस्मत बदल दी। कई सालों के संघर्ष के बाद इस फिल्म ने उन्हें सफल निर्देशक के रूप में पहचान दिलाई।

## कपूर खानदान की बहू प्रीति कपूर भी लाइमलाइट से रहती हैं दूर

# कपूर खानदान की ये बहुएं मीडिया और चकाचौंध की दुनिया से रहीं कोसों दूर

*मुंबई। बॉलीवुड के कपूर खानदान से भला कौन वाकिफ नहीं है। इसे हिंदी सिनेमा का पहला परिवार कहा जाता है। पृथ्वीराज कपूर से रणबीर कपूर तक, इस खानदान की 5 पीढ़ियां फिल्मी दुनिया से जुड़ी रही हैं। कपूर खानदान का बॉलीवुड में बोलबाला है। इसने इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक सुपरस्टार दिए हैं। हालांकि, इनमें से ज्यादातर सितारों की पत्नियां लाइमलाइट से दूर रहीं। आइए कपूर खानदान की कैमरे की दुनिया से दूर रहीं बहुओं के बारे में जानें।*

### रामसरणी मेहरा और कृष्णा मल्होत्रा

कपूर खानदान के पहले सदस्य पृथ्वीराज कपूर थे, जो अपने जमाने के मशूहर अभिनेता हुआ करते थे। उन्होंने रामसरणी मेहरा से शादी रचाई थी, जो हमेशा मीडिया से दूर रहीं। रामसरणी और पृथ्वीराज, राज कपूर, शम्मी कपूर, शशि कपूर और बेटी उर्मी के माता-पिता बने। उधर जहां राज कपूर ने फिल्मों में खूब नाम कमाया, वहीं उनकी पत्नी कृष्णा मल्होत्रा ने गुमनामी वाली जिंदगी जी। शादी के बाद वे रणधीर कपूर, ऋषि, राजीव कपूर, ऋतु और रीमा के माता-पिता बने।

### जेनिफर केंडल और लोर्ना टार्लिंग

अभिनेता शशि कपूर की पत्नी जेनिफर केंडल ने कई फिल्मों में काम भी किया था, लेकिन जैसे ही वह कपूर खानदान की बहू बनीं, उन्होंने चकाचौंध की दुनिया से पूरी तरह दूर हो गईं। शशि के छोटे बेटे करण कपूर की बात करें तो उन्होंने विदेशी मॉडल लोर्ना टार्लिंग कपूर से शादी की थी। शशि के बड़े बेटे कुणाल कपूर ने निर्देशक रमेश सिप्पी की बेटी शीना सिप्पी से शादी की थीं। हालांकि, अब दोनों का तलाक हो चुका है।



### गीता बाली और नीला देवी

शम्मी कपूर की पहली शादी एक्ट्रेस गीता बाली से हुई थी, लेकिन चेचक की बीमारी से उनका निधन हो गया। उनके 2 बच्चे हुए। गीता की मौत के वक्त उनके दोनों बच्चे काफी छोटे थे। इसके बाद शम्मी ने फिर परिवार के दबाव में आकर और छोटे बच्चों की खातिर दूसरी शादी कर ली। उन्होंने नीला देवी से शादी कर ली। नीला ने खुद के बच्चे नहीं किए। उन्होंने पति के दोनों बच्चों को मां की तरह प्यार किया।

### प्रीति कपूर और आरती सभरवाल

कपूर खानदान की बहू प्रीति कपूर भी लाइमलाइट से दूर रहती हैं। वह शम्मी कपूर के बेटे आदित्य राज कपूर की पत्नी है, लेकिन वह कभी कैमरे के सामने नहीं दिखीं। उधर राज कपूर के बेटे राजीव कपूर की पत्नी आरती सभरवाल भी कभी मीडिया के सामने नहीं आई थीं। हालांकि, शादी के 2 साल बाद ही उनका तलाक हो गया। राजीव इस दुनिया में नहीं हैं, वहीं आरती दिल्ली में पिकल पॉकल नाम से अचार का बिजनेस करती हैं।

## खबर संक्षेप



### जून तिमाही में बेरोजगारी दर 6.6 प्रतिशत पर स्थिर

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर 6.6 प्रतिशत पर स्थिर रही। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) ने अपने आंकड़ों में यह जानकारी दी। श्रम बल में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत को बेरोजगारी दर कहते हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की जून तिमाही में बेरोजगारी दर 6.6 प्रतिशत ही थी।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 अरब डॉलर घटा



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.8 अरब डॉलर घटकर 670.119 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बताया, इससे पिछले सप्ताह की समाप्ति पर यह 7.533 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 674.919 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, नौ अगस्त को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.079 अरब डॉलर घटकर 587.96 अरब डॉलर रह गईं।

### हीरो मोटो कॉर्प को 17 करोड़ रुपए का जीएसटी नोटिस




नई दिल्ली। हीरो मोटोकॉर्प को दिल्ली जीएसटी अधिकारियों से 17 करोड़ रुपये से अधिक की कर मांग को लेकर नोटिस मिला है। दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी ने रविवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को दिल्ली सरकार के जीएसटी (माल एवं सेवा कर) अधिकारी के कार्यालय से वित्त वर्ष 2019-20 के लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट की अस्वीकृति के मामले में 17 अगस्त, 2024 को एक आदेश प्राप्त हुआ है। कंपनी ने कहा कि नोटिस के अनुसार कर के रूप में 9,38,66,513 रुपये की मांग की गयी है।

### प्लास्टिक कण के मिलावट से निपटने परियोजना शुरू



**नई दिल्ली।** खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने खाद्य उत्पादों में माइक्रोप्लास्टिक यानी प्लास्टिक कण के मिलावट का पता लगाने के तरीके विकसित करने के लिए एक परियोजना शुरू की है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य पदार्थों में माइक्रोप्लास्टिक मिलावट की बढ़ती चिंता से निपटने के लिए यह कदम उठाया है। इसके तहत माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को एक उभरता हुआ खतरा माना गया है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार यह परियोजना इस साल मार्च में शुरू की गई थी।

### कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स से जेना ने इस्तीफा दिया



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स लि. के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) खिरोदा जेना ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि नए अवसर तलाशने के लिए जेना ने 17 अगस्त, 2024 को इस्तीफा दे दिया। पुणे स्थित कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है। इसने मुंबई और बेंगलुरु में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है।

# पुणे का हुआ बर्गर किंग, 13 साल पुरानी कानूनी जंग में अमेरिकी कंपनी को शिकस्त

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बर्गर किंग दुनिया का दिग्गज ब्रांड है। इसके दुनिया के 100 देशों में लगभग 13 हजार रेस्टोरेंट हैं। मगर, भारत में कंपनी को एक अनूठी समस्या का सामना करना पड़ा था। यहां पुणे शहर में बर्गर किंग के नाम से ही वर्षों पुराना और लोकप्रिय रेस्टोरेंट चल रहा था। इसके बाद अमेरिकी कंपनी ने पुणे की इस कंपनी पर अपने नाम का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए केस ठोक दिया। भारत में बर्गर किंग के नाम पर यह कानूनी लड़ाई 13 साल चली। अब इसमें फैसला पुणे की कंपनी के पक्ष में आया है। यह अमेरिकी एमएनसी बर्गर किंग के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

## पुणे शहर में बर्गर किंग के नाम से ही वर्षों पुराना लोकप्रिय रेस्टारेंट चल रहा

### अनाहिता और शपूर ईरानी चलाते हैं पुणे का बर्गर किंग

पुणे का बर्गर किंग रेस्टॉरेंट अनाहिता और शपूर ईरानी चलाते हैं। उनके रेस्टोरेंट कैंप और कोरेगांव इलाके में स्थित हैं। इन्हें काफी पसंद किया जाता है। इस मामले में जज ने कहा कि पुणे का बर्गर किंग 1992-93 से यह नाम इस्तेमाल कर रहा है। अमेरिकी कंपनी इसके काफी बाद भारत में आई। उन्होंने अपने नाम को भी बाद में भारत में रजिस्टर करवाया। उधर, पुणे की कंपनी काफी पहले से इस नाम का इस्तेमाल कर रही थी। ऐसे में उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा सकती है।



### इंडिया में 2014 में आई बर्गर किंग कॉर्पोरेशन

बर्गर किंग की स्थापना 1954 में हुई थी। इसकी शुरुआत जेम्स मैकलमोर और डेविड एडगर्टन ने की थी। यह कंपनी 100 से ज्यादा देशों में 13 हजार रेस्टोरेंट चला रही है। इनमें से 97 फीसदी रेस्टोरेंट की मालिक यह कंपनी ही है। इसे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी फास्ट फूड हैमबर्गर कंपनी माना जाता है। इसमें लगभग 30,300 लोग नौकरी करते हैं। कंपनी ने एशिया में पहली बार एंट्री 1982 में ली थी। मगर, इंडिया में वो साल 2014 में आए थे। उन्होंने नई दिल्ली, मुंबई और पुणे से ही अपनी शुरुआत की थी।

### पुणे की अदालत ने खारिज की याचिका

पुणे के एक कॉमर्शियल कोर्ट ने शहर के कैंप इलाके में स्थित रेस्टोरेंट के पक्ष में फैसला सुनाया। जिला जज सुनील वेद पाठक ने 16 अगस्त को दिए अपने आदेश में कहा कि अमेरिकी फास्ट फूड कंपनी बर्गर किंग कॉर्पोरेशन की याचिका खारिज की जाती है। अमेरिकी कंपनी ने ट्रेडमार्क उल्लंघन समेत कई आरोप पुणे स्थित कंपनी पर लगाए थे। कंपनी ने कोर्ट से मांग की थी कि पुणे स्थित कंपनी द्वारा उनका नाम इस्तेमाल करने पर रोक लगाई जाए। साथ ही उनसे मुआवजा भी दिलवाया जाए।

## ग्रामीण बाजार में मांग में आएगा सुधार

# उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों को बिक्री में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली


रोजमर्रा के उपयोग वाले उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) को उम्मीद है कि बढ़ती खाद्य महंगाई की चिंताओं के बावजूद ग्रामीण बाजारों में मांग में सुधार और अच्छे मानसून के कारण आगामी तिमाहियों में उनकी बिक्री में वृद्धि जारी रहेगी।

- अच्छे मानसून के कारण बिक्री में होगा इजाफा

एचयूएल, आईटीसी, डाबर, ब्रिटानिया, नेस्ले और इमामी जैसी प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों की जून तिमाही की आय में ग्रामीण बाजारों से 'अच्छी खबर' और ई-कॉमर्स मंचों के जरिये मजबूत वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में उद्योग की मात्रा वृद्धि लगभग 6.6 प्रतिशत रही।

**खास बातें**

- बढ़ती खाद्य महंगाई की चिंता को किया दरकिनार
- कुछ कंपनियों ने कीमतों में बढ़ोतरी का दिया संकेत



### अनाज की कीमतों में वृद्धि की संभावना

हालांकि, कंपनियां खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने से चिंतित हैं क्योंकि कॉफी और कोकोआ की कीमतें अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई हैं। अनाज और अनाज की कीमतों में वृद्धि की संभावनाओं के बीच कुछ कंपनियों ने कीमतों में बढ़ोतरी का संकेत भी दिया है।

### अगली तिमाही बेहतर होगी : डाबर

डाबर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोहित मल्होत्रा ने कहा, "आगे चलकर ग्रामीण क्षेत्रों में हमारी बिक्री में वृद्धि होगी। इसलिए मुझे उम्मीद है कि अगली तिमाहियां बेहतर होंगी...।" उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि अच्छे मानसून, सुधरते वृहद आर्थिक संकेतकों और ग्रामीण-केंद्रित सरकारी खर्च के साथ एफएमसीजी मांग में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी।

### ग्रामीण क्षेत्र की वृद्धि शहरी क्षेत्र से आगे

मैरिको के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सौगत गुप्ता ने कहा कि एफएमसीजी क्षेत्र में जून तिमाही में मांग के रुझान में क्रमिक सुधार जारी रहा तथा ग्रामीण क्षेत्र की वृद्धि शहरी क्षेत्र से आगे रही। सीईओ गुप्ता ने कहा, "उम्मीद है कि स्थिर खुदरा मुद्रास्फीति, स्वस्थ रूप से आगे बढ़ रहे मानसून सत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सरकार के बजट में किये गये आवंटन से मात्रा रुझान में सुधार जारी रहेगा।"

### काफी और कोको की कीमतों में उछाल : नेस्ले

हालांकि, गुप्ता ने कहा, /"उच्च खाद्य मुद्रास्फीति और वर्षा का स्थानिक वितरण नजर रखने के लिहाज से महत्वपूर्ण कारक होंगे।/" नेस्ले ने अपनी पहली तिमाही के नतीजों में कहा, /"कॉफी और कोको की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल देखी जा रही है क्योंकि इनकी कीमतें सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं और कीमतों में लगातार उछाल आ रहा है। अनाज और दालों की कीमतों में एमएसपी के समर्थन से संरचनात्मक लागत वृद्धि हो रही है।/"

### दूध और खाद्य तेलों की कीमते स्थिर

हालांकि, मैगी और किटकैट बनाने वाली कंपनी ने कहा कि दूध की कीमतों, पैकेजिंग और खाद्य तेलों में सापेक्षिक स्थिरता है। जून तिमाही में, एफएमसीजी कंपनियों ने ई-कॉमर्स खंड से भी बड़ी बढ़त दर्ज की, जिसमें इस खंड ने उच्च वृद्धि दर्ज की। हालांकि, उनमें से कुछ ने शहरी बाजारों में किराना स्टोर जैसे पारंपरिक चैनलों में नरमी की सूचना दी।

# बाटा कर रही ऑनलाइन कारोबार का विस्तार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




जूता-चप्पल बनाने वाली प्रमुख कंपनी बाटा के प्रंधन निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी गुंजन शाह ने कहा है कि खपत में सुस्ती 'अस्थायी' है और आने वाली तिमाहियों में त्योहारों के दौरान मांग बढ़ने तथा खुदरा कारोबार में विस्तार से क्षेत्र में तेजी आने की उम्मीद है। कंपनी को उम्मीद है कि ई-कॉमर्स उसकी वृद्धि को गति देगा। इसका कारण कंपनी अपने पोर्टल और भागीदारों के माध्यम से ऑनलाइन बिक्री का विस्तार कर रही है। ई-कॉमर्स अब अब एक 'लाभदायक' और 'व्यवहारिक' कारोबार है। इसके अलावा, नई पीढ़ी को आकर्षित करने की अपनी रणनीति के तहत बाटा अपनी दुकानों को अधिक आकर्षक बनाने के लिए उसके नवीनीकरण में भी निवेश कर रही है। साथ ही किफायती उत्पादों के साथ-साथ नये-नये उत्पादों में भी निवेश कर रही है। कंपनी के उत्पादों के खरीदारों में युवाओं की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है। बाजार परिदृश्य के बारे में पूछे जाने पर, शाह ने बातचीत में सुस्ती की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा, ''निकट अवधि में, खपत में कुछ सुस्ती देखी जा रही है। इसके कारण कारोबार पर प्रभाव पड़ा है।''हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी अपने प्रयास, निवेश और विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों और उपायों को जारी रख रही है।

- आने वाली तिमाहियों में खपत में होगी वृद्धि

### प्रासंगिक उत्पादों पर ध्यान देगी

वृद्धि को गति देने से जुड़े एक सवाल के जवाब में शाह ने कहा कि कंपनी दीर्घकालीन रणनीति के तहत प्रासंगिक उत्पादों पर ध्यान देगी। साथ ही ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से खुदरा कारोबार को बढ़ाने और विपणन, ब्रांड और उपभोक्ता अनुभव को बेहतर बनाने में निवेश करेगी

# इंजीनियरों को 4-12 लाख तक वार्षिक वेतन दे रही कॉग्निजेंट

## उद्योग में इसे कंपनी ने सबसे बेहतर बताया




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

प्रमुख आईटी कंपनी कॉग्निजेंट ने रविवार को कहा कि वह नए इंजीनियरिंग स्नातकों को चार से 12 लाख रुपये का वेतन देती है और सोशल मीडिया पर जिस वेतन का जिक्र किया जा रहा है, वह गैर-इंजीनियरिंग स्नातक डिग्री धारकों के लिए है। गौरतलब है कि कंपनी को नये भर्ती होने वालों के लिए 2.52 लाख रुपये वार्षिक वेतन की पेशकश करने पर सोशल मीडिया में आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी को महज एक प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि करने के लिए भी सोशल मीडिया पर आलोचना का सामना करना पड़ा।

हालांकि, यह 1-5 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि का निचला दायरा है, जिसे कंपनी ने व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर दिया है। कॉग्निजेंट हर साल विभिन्न भूमिकाओं के लिए नए इंजीनियरों और गैर-इंजीनियरिंग स्नातकों को नियुक्त करती है। कॉग्निजेंट अमेरिका के अध्यक्ष सूर्य गुम्मादी ने कहा, ''गैर-इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि की प्रतिभाओं के लिए हमारी हाल की भर्ती सूचना को बहुत गलत तरीके से पेश किया गया। लगभग 2.52 लाख रुपये प्रति वर्ष के वेतन वाली यह नौकरी केवल तीन वर्षीय स्नातक डिग्री वाले उम्मीदवारों के लिए थी, इंजीनियरिंग स्नातकों के लिए नहीं।''

### नियुक्ति कौशल के आधार पर

गुम्मादी ने आगे कहा कि नए इंजीनियरिंग स्नातकों के लिए हमारा वार्षिक पारितोषिक चार लाख रुपये से लेकर 12 लाख रुपये प्रति वर्ष तक है। यह नियुक्ति की श्रेणी, कौशल और अत्याधुनिक उद्योग में मान्यता प्रमाणपत्र पर निर्भर करता है।

# एफआईआई की गतिविधियों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



शेयर बाजार की चाल इस सप्ताह वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। कंपनियों के वित्तीय परिणाम आ चुके हैं, ऐसे में इन दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह बात विशेषज्ञों ने कही है।

- वैश्विक रुख की भी बाजार में होगी महत्वपूर्ण भूमिका

इस सप्ताह जारी होने वाले अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे पर निवेशकों की नजर होगी। स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, चूंकि कंपनियों के वित्तीय परिणाम आ चुके हैं, ऐसे में इस सप्ताह, वृहद आर्थिक मोर्चों पर ऐसी कोई महत्वपूर्ण गतिविधियां नहीं हैं, जिससे निवेशक संकेत लें। हालांकि, वैश्विक स्तर पर आर्थिक आंकड़े महत्वपूर्ण होंगे। इसमें जापान में मुद्रास्फीति आंकड़े और अमेरिकी एफओएमसी बैठक का ब्योरा महत्वपूर्ण हैं, जिसपर निवेशकों की नजरें होंगी। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता की स्थिति बाजार के लिए जोखिम बनी हुई है।''

# इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री बढ़ाएगी टीवीएस

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टीवीएस मोटर कंपनी अपने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री विकासशील और विकसित बाजारों में बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी के निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के एन राधाकृष्णन ने कहा कि भारत के इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए एक प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में उभरने की क्षमता है और कंपनी इस पर पूरा ध्यान दे रही है। सीईओ ने विश्लेषकों से कहा कि कंपनी इंडोनेशिया में अपने संयंत्र से आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का संगठन) क्षेत्र के अन्य पड़ोसी बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगी। वहां उसने पिछले साल अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर टीवीएस आईक्यूब की बिक्री शुरू की है। टीवीएस मोटर कंपनी चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में कुल 52,000 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बेचे, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 39,000 वाहन था। राधाकृष्णन ने कहा, हमारा दृढ़ विश्वास है कि भारत दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहन के लिए एक प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में उभरेगा। ईवी आपूर्ति श्रृंखला और बुनियादी ढांचे में निरंतर सुधार को देखते हुए हमें विश्वास है कि हम ईवी खंड में मजबूत बने रहेंगे। उन्होंने कहा, /"जहां तक हमारा सवाल है, हम निश्चित रूप से अपने ईवी उत्पादों को आसियान बाजारों में निर्यात करना शुरू करेंगे और वहां पहले से ही उन्नत परीक्षण और सब कुछ किया जा रहा है...।''

- विकासशील, विकसित बाजारों में बिक्री बढ़ाने की योजना : सीईओ



### आईक्यूब एशियाई बाजार में उतारना शुरू

राधाकृष्णन ने कहा कि कंपनी के पास ईवी के लिए एक सुनियोजित उत्पाद श्रृंखला है और वह जल्द ही उनमें से कुछ को उतारेगी। उन्होंने कहा, /"पिछले साल, हमने टीवीएस आईक्यूब को आसियान और एशियाई बाजारों में उतारना शुरू किया था।/"

# जेएसडब्ल्यू का आईपीओ से 4000 करोड़ जुटाने आवेदन




**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 4,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए। आईपीओ दस्तावेजों (डीआरएचपी) के अनुसार, आईपीओ में 2,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम शामिल है। इसके अलावा मौजूदा शेयरधारक 2,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएंगे। नये निर्गम से मिली 800 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल राजस्थान के नागौर में एक नई एकीकृत सीमेंट इकाई की स्थापना के लिए किया जाएगा। इसके अलावा 720 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल कर्ज चुकाने के लिए किया जाएगा। शेष धनराशि का इस्तेमाल सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

# फॉक्सकॉन का भारत में बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली संयंत्र पर काम

## कंपनी के चेयरमैन लियू ने दी जानकारी

एजेंसी ▸▸| श्रीपेरुंबुदुर




ताइवान की प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कंपनी फॉक्सकॉन भारत में बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली संयंत्र स्थापित करने की योजना पर काम कर रही है। कंपनी के चेयरमैन यंग लियू ने यहां यह जानकारी दी।

इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड पर नजर रखते हुए फॉक्सकॉन अपने बैटरी विनिर्माण कारोबार का विस्तार कर रही है। इसका पहला संयंत्र ताइवान में स्थापित हो चुका है। लियू ने कहा कि फॉक्सकॉन का सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी खंड भारत में अभी शुरू हुआ है। लियू ने कहा, "हम भारत में अपने 3+3 भविष्य के उद्योग लगाने का भी इंतजार कर रहे हैं। मैं यहां उद्योग मंत्री से इस बारे में बात कर रहा हूं कि हम तमिलनाडु में बीईएसएस (बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली) पर कैसे सहयोग कर सकते हैं...।" चेयरमैन ने कहा, "फॉक्सकॉन ने 3+3 रणनीति के हिस्से के रूप में तीन प्रमुख उद्योगों - इलेक्ट्रिक वाहन, डिजिटल स्वास्थ्य और रोबोटिक्स उद्योग को प्राथमिकता दी है। इनमें से प्रत्येक में वर्तमान पैमाने 1.4 हजार अरब डॉलर और 20 प्रतिशत से अधिक संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ महत्वपूर्ण वृद्धि क्षमता है।"फॉक्सकॉन का बैटरी भंडारण कारोबार इलेक्ट्रिक वाहनों पर अधिक केंद्रित है। बीईएसएस सौर, पवन आदि जैसे नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित ऊर्जा के भंडारण को सक्षम बनाती है।

- बैटरी विनिर्माण कारोबार का विस्तार कर रही

### कंपनी और निवेश की योजना बना रही

*लियू ने कहा कि फॉक्सकॉन ने अब तक भारत में 10 अरब डॉलर का कारोबार किया है। साथ ही कंपनी आने वाले वर्ष में और निवेश की योजना बना रही है। पद्म भूषण से सम्मानित लियू ने कहा कि अपनी वर्तमान यात्रा के दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात की और महसूस किया कि भारत उन्नति की राह पर है।*

## मई से जुलाई में 4054 सैंपल टेस्ट फेल किए गए

# फसाई की जांच में 474 भारतीय मसाले के सैंपल रहे फेल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत की मसाला कंपनियां पिछले कुछ समय से पूरी दुनिया में संकट का सामना कर रही हैं। एक के बाद एक सभी मसाला कंपनियों के प्रोडक्ट्स को कड़ी जांच से गुजरना पड़ रहा है। यह मामला हांगकांग से शुरू हुआ था।

- यह मामला हांगकांग से शुरू हुआ था और जारी है

अब दुनिया के कई देशों में भारतीय मसाला कंपनियों के खिलाफ जांच चल रही है। अब एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीय मसालों के लगभग 12 फीसदी सैंपल फसाई की जांच में फेल हुए हैं। ये क्वालिटी और सेफ्टी स्टैंडड्र्स पर खरे नहीं उतरे हैं।

### हांगकांग में बैन के बाद शुरू की थी जांच



भारतीय मसाला उद्योग के लिए यह बड़ी समस्या बनता जा रहा है। ब्रिटेन के बाद अब न्यूजीलैंड, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में भी भारत के बड़े मसाला ब्रांड कड़ी जांच से गुजर रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन में भारतीय मसालों के इंपोर्ट पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हांगकांग में भारत के दो दिग्गज मसाला ब्रांड के खिलाफ लगे बैन के बाद फूड सेफ्टी एंड स्टैंडड्र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (फसाई) ने भी भारतीय मसालों के खिलाफ जांच शुरू की थी। इन दोनों कंपनियों ने आश्वासन दिया था कि उनके मसाले पूरी तरह सुरक्षित हैं। इन दोनों कंपनियों के मसाले भारत के अलावा यूरोप, अमेरिका और नॉर्थ अमेरिका में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किए जाते हैं।

### 4,054 सैंपल टेस्ट किए गए, 474 हुए फेल

*आरटीआई से हासिल जानकारी के आधार पर इस रिपोर्ट में कहा गया है कि मई से जुलाई के बीच 4,054 सैंपल टेस्ट किए गए थे। इनमें से 474 क्वालिटी और सेफ्टी स्टैंडर्ड को पास नहीं कर पाए हैं। हालांकि, फसाई ने यह बताने से इंकार कर दिया है कि टेस्ट में फेल होने वाले प्रोडक्ट किन कंपनियों के थे। मगर, उन्होंने भरोसा दिलाया है कि इन कंपनियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।*

### कंपनियों के बारे में फसाई ने नहीं दी जानकारी

*फसाई से कंपनियों की जानकारी भी मांगी थी। मगर, एजेंसी ने कहा कि ऐसी जानकारी उनके पास नहीं है। भारतीय कानूनों का आधार पर इन सभी पर एक्शन लिया जाएगा। भारत का मसाला उद्योग साल 2022 तक लगभग 10.44 अरब डॉलर का था। साथ ही भारत से लगभग 4.46 डॉलर के मसालों का एक्सपोर्ट भी किया जा रहा था।*

# दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से जीती लगातार 10वीं टेस्ट श्रृंखला

एजेंसी ▸▸ प्रोविडेंस

केशव महाराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही 40 रन से हराकर दो टेस्ट मैच की श्रृंखला 1-0 से जीती। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन उसकी टीम 222 रन पर आउट हो गई। यह लगातार 10वां अवसर है जबकि दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से टेस्ट श्रृंखला जीती।

### महाराज सबसे सफल स्पिनर

*पहली पारी में दो विकेट लेने वाले महाराज ने दूसरी पारी में 37 रन देकर तीन विकेट लिए। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने 50 रन देकर तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज की तरफ से नौवें नंबर के बल्लेबाज गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 45 रन बनाए। महाराज ने टेस्ट क्रिकेट में अपने कुल विकेटों की संख्या 171 पर पहुंचा दी है और इस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल स्पिनर बन गए हैं। उन्होंने ह्यू टेफील्ड को पीछे छोड़ा। महाराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला में 13 विकेट लिए।*




### दूसरी पारी का हाल

दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 223 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 246 रन पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य था लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नहीं चल पाए। मोती और जोशुआ डा सिल्वा (27) ने 77 रन की साझेदारी करके उम्मीद जगाई लेकिन महाराज ने इन दोनों को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की जीत सुनिश्चित की।

**40 रन से हराकर दो टेस्ट मैच की श्रृंखला 1-0 से जीता**

### पहली पारी में बने थे कुल 304 रन

दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 160 रन बनाए थे। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 144 रन पर आउट हो गई थी। इन दोनों टीम के बीच बारिश से प्रभावित रहा पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। अब इन दोनों टीम के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला खेली जाएगी।

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड की मेजबानी करेगा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने के अवसर पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में एकमात्र टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा। पहला टेस्ट मैच मार्च 1877 को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एमसीजी में खेला गया था। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 45 रन से जीता था। इन दोनों टीमों के बीच 1977 में टेस्ट क्रिकेट के 100 साल पूरे होने पर भी मैच खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने इसी अंतर से जीत हासिल की थी।

### लाहिड़ी संयुक्त 49वें स्थान पर खिसके

**व्हाइट सल्फर स्प्रिंग्स।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी यहां लिव गोल्फ ग्रीनबियर टूर्नामेंट में दूसरे दौर में शनिवार को एक ओवर 71 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 49वें स्थान पर खिसक गए। लाहिड़ी 54 खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता में शुरुआती दौर के बाद संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर थे। ओल्ड व्हाइट कोर्स में आसान परिस्थितियों के बावजूद वह दूसरे दौर में एक बर्डी के मुकाबले दो बोगी कर बैठे। जॉन रहम दूसरे दौर में आठ अंडर 62 के स्कोर के बाद तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए।



## सिनसिनाटी ओपन : इगा लगातार 15वें मैच में अजेय

# स्वियाटेक और सिनर ने अंतिम-4 में बनाई जगह

**मेसन।** महिला एवं पुरुष वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी क्रमशः इगा स्वियाटेक और यानिक सिनर ने कड़ी मशक्कत करने के बाद सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियाटेक ने 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा पर 6-4, 3-6, 7-5 से जीत के साथ अपना विजय अभियान 15 मैच तक पहुंचाया। उनका अगला मुकाबला आर्यना सबालेंका से होगा, जिन्होंने लुडमिला सैमसोनोवा को 6-3, 6-2 से हराया। सिनर ने आंद्रे रुबलेव को 4-6, 7-5, 6-4 से हरा कर पिछले सप्ताह मोंट्रियल के क्वार्टर फाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। वह ओपन युग में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। सिनर का अगला मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। पूर्व चैंपियन ज्वेरेव ने बेन शेल्टन को 3-6, 7-6, 7-5 से हराया। ज्वेरेव ने सिनर के खिलाफ लगातार चार जीत हासिल की हैं। फ्रांसिस टियाफो ने ह्यूबर्ट हर्काज़ के पिंडली की चोट के कारण दूसरे सेट से हट जाने के बाद लगातार दूसरे वर्ष सेमीफ़ाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग के अन्य मैचों में जेसिका पेगुला ने लेयला फर्नांडीज को 6-2, 6-7, 7-6 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला पाउला बडोसा से होगा। बडोसा ने अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को 6-3, 6-2 से हराया।



### पंत का जेटली स्टेडियम में किया गया स्वागत

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का दिल्ली प्रीमियर लीग के दौरान अरुण जेटली स्टेडियम में भव्य स्वागत किया गया। पंत इस लीग में हिस्सा ले रहे हैं और पुरानी दिल्ली 6 टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। पहले मैच में उनकी टीम का सामना आयुष बडोनी की कप्तानी वाली साउथ दिल्ली सुपर स्टार से हुआ। आयोजकों ने पंत का स्टेडियम पर शानदार स्वागत किया और इस दौरान दर्शकों ने इस भारतीय खिलाड़ी का हौसला बढ़ाया। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने टी20 विश्व कप की खिताबी जीत में शामिल होने के कारण पंत का सम्मान किया।



### पाकिस्तान रावलपिंडी में खेलेगा दूसरा टेस्ट

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को नेशनल स्टेडियम में चल रहे नवीनीकरण कार्य के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट को कराची से रावलपिंडी में स्थानांतरित करने का फैसला किया। यह निर्णय बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से बातचीत के बाद लिया गया है। पहला टेस्ट 21 अगस्त से रावलपिंडी में खेला जाना है। पीसीबी ने पहले कहा था कि दूसरे टेस्ट मैच (30 अगस्त से तीन सितंबर) को कराची में खाली स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तान अगले साल आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा और इसी के मद्देनजर कराची स्थित नेशनल स्टेडियम का नवीनीकरण किया जा रहा है।

# भारत 'ए' ने ऑस्ट्रेलिया 'ए' को हराया, प्रिया ने झटके 5 विकेट



एजेंसी ▸▸ मैकाय

युवा लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा के पांच विकेट के अलावा तेजल हसबनिस और राघवी बिष्ट के अर्धशतक से भारत 'ए' ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया ए को 171 रन से रौंद दिया।

ब्रिसबेन में तीन टी20 और यहां पहले दो एकदिवसीय मुकाबले गंवाकर लगातार पांच शिकस्त झेलने के बाद भारत 'ए' ने अंततः दौरे पर जीत का स्वाद चखा। तेजल की 66 गेंद में 50 और राघवी की 64 गेंद में 53 रन की पारी की बदौलत भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 243 रन बनाए। दिल्ली की 20 साल की प्रिया ने इसके बाद 14 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए ऑस्ट्रेलिया 'ए' को सिर्फ 72 रन पर ढेर करके मेहमान टीम को दौरे की पहली जीत दिलाई। कप्तानी मीनू मनि ने भी चार रन देकर दो विकेट हासिल किए।



### प्रिया ने शीर्षक्रम को झकझोरा

दौरे का अपना पहला मैच खेल रही प्रिया ने सलामी बल्लेबाज मैडी डार्क (22) और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज टीस फ्लिंटॉस (20) को पवेलियन भेजा जिससे मेजबान टीम ने 15वें ओवर में 52 रन तक चार विकेट गंवा दिए। प्रिया ने इसके बाद निकोल फैल्टम (02), केट पीटरसन (01) और निकोला हैनकॉक (00) को आउट करके मेजबान टीम को 22.1 ओवर में समेटने में अहम भूमिका निभाई।

## अंडर-19 टी20 विश्व कप 2025

# वेस्टइंडीज के खिलाफ अभियान शुरू करेगी भारतीय महिला टीम



एजेंसी ▸▸ दुबई

गत चैंपियन भारत मलेशिया में अगले साल 18 जनवरी से दो फरवरी तक होने वाले आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत वेस्टइंडीज के खिलाफ करेगा। भारत को ग्रुप ए में मेजबान मलेशिया, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ जगह मिली है। भारत ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में फाइनल में इंग्लैंड को हराकर पहले टूर्नामेंट का खिताब जीता था।

इंग्लैंड, आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को ग्रुप बी में रखा गया है जबकि ग्रुप सी में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, समोआ और अफ्रीका से एक क्वालीफायर को जगह मिली है। ग्रुप डी में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, स्कॉटलैंड और एशियाई से एक क्वालीफायर को रखा गया है।

### राउंड रोबिन चरण में भिड़ेंगी टीमें

*प्रत्येक ग्रुप की टीम राउंड रोबिन चरण में एक-दूसरे से भिड़ेंगी जिससे प्रत्येक टीम को ग्रुप चरण में तीन मैच खेलने को मिलेंगी। सभी चार ग्रुप से शीर्ष तीन टीम सुपर सिक्स चरण में जगह बनाएंगी। चारों ग्रुप में अंतिम स्थान पर रहने वाली टीमें 24 जनवरी को अंतिम स्थान के प्ले ऑफ में भिड़ेंगी। सुपर छह चरण में 12 टीम को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। ग्रुप ए और डी की शीर्ष तीन टीम को ग्रुप एक जबकि ग्रुप बी और सी की शीर्ष तीन टीम को ग्रुप दो में जगह मिलेगी। इस चरण में प्रत्येक टीम सुपर सिक्स चरण में क्वालीफाई करने वाली साथी टीमों के खिलाफ जीत से मिले अंक और नेट रन रेट के साथ आगे बढ़ेगी।*

### सुपर सिक्स में दो-दो मैच

प्रत्येक टीम सुपर सिक्स में दो मैच खेलेगी जो संबंधित ग्रुप के उन प्रतिद्वंद्वियों के विरुद्ध होंगे जो अन्य ग्रुप में अलग-अलग स्थान पर रहे थे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम 31 जनवरी को होने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि फाइनल दो फरवरी को होगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों ही बेयुमास ओवल में खेले जाएंगे। भारत अगर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो वह सेमीफाइनल दो खेलेगा जो 31 जनवरी को होगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन हैं। सेमीफाइनल के लिए एक फरवरी रिजर्व दिन है जबकि फाइनल के लिए तीन फरवरी रिजर्व दिन रखा गया है।

### जायसवाल से निपटने हार्टले से मांगे टिप्स

***सिडनी।** दिग्गज ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने उभरते हुए स्टार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल से निपटने के लिए इंग्लैंड के स्पिनर टॉम हार्टले से सलाह ली है। पिछले साल वेस्टइंडीज में पदार्पण पर शतक बनाने वाले जायसवाल ने इस साल की शुरुआत में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 712 रन बनाए थे।*

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑक्योलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

अद्वितीय


कारीगरी का बेहतरीन नमूना ...

# 200 साल से सही समय बता रही है घड़ी, बैटरी की नहीं पड़ती जरूरत

एजेंसी ▶▶| बागपत

बागपत के मुख्य बाजार में स्थित नवाबों की हवेली, जो लगभग 200 साल पुरानी है, अपनी अनोखी सोलर घड़ी के लिए प्रसिद्ध है। यह घड़ी हवेली के टॉप फ्लोर पर बनाई गई है, जो सूर्य की किरणों के माध्यम से सटीक समय बताती है। इस अद्वितीय घड़ी को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं।

- हवेली का निर्माण नवाब शौकत अली के परिवार द्वारा करवाया गया था
- अब इसमें उनकी पांचवीं पीढ़ी करती है निवास



## पुराने जमाने की शान थी हवेली

इस हवेली का निर्माण नवाब शौकत अली के परिवार द्वारा करवाया गया था, और अब इसमें उनकी पांचवीं पीढ़ी निवास करती है। हवेली का निर्माण छोटे साइज की ईंटों से किया गया था, जब सीमेंट का उपयोग नहीं होता था। आज भी यह हवेली अपनी पुरानी शान में बरकरार है।

## सोलर घड़ी का निर्माण कराया

नवाब शौकत अली पांच वक्त की नमाज अदा करते थे, जिसके लिए उन्हें समय की सटीक जानकारी की आवश्यकता होती थी। इसी जरूरत को पूरा करने के लिए राजस्थान से कारीगर बुलवाकर इस सोलर घड़ी का निर्माण कराया गया। हवेली के वारिस नवाब अहमद हमीद के परिवार ने इस धरोहर को संजोए रखा है।



## हवेली का राजनीतिक इतिहास

हवेली का राजनीतिक इतिहास भी उतना ही समृद्ध है। नवाब कोकब हमीद, जो इस हवेली के पूर्व मालिक थे, पांच बार बागपत के विधायक और मंत्री रह चुके हैं। इंदिरा गांधी भी इस हवेली में उनसे मिलने आई थीं।

## सोलर घड़ी की अनूठी विशेषता

इस सोलर घड़ी की विशेषता यह है कि यह धूप और रात्रि के प्रकाश से संचालित होती है और सटीक समय बताती है। इस अनोखी धरोहर को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं और इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा

# बगीचे में कपल को मिला 19वीं सदी का डिब्बा, अंदर से निकला खजाना

**नई दिल्ली।** इंसान की किस्मत कब पलट जाए, वो भी नहीं जानता। लोग जिंदगी भर अमीर बनने के सपने देखते रहते हैं और कुछ लोग रातोंरात करोड़पति बन जाते हैं। ऐसा ही अमेरिका में एक कपल के साथ हुआ। उनसे जुड़ी ये घटना इतनी हैरान करने वाली है कि आज भी उनके चर्चे होते हैं। ये कपल अपने कुत्ते को घर के पास बगीचे में टहला रहा था जब अचानक उन्हें एक टिन का डिब्बा मिला। वो 19वीं सदी का था।



## मिले सोने के सिक्के

डिब्बों में करीब 1400 सिक्के थे जो 1847 से लेकर 1894 के बीच बने थे। उस वक्त उन सिक्कों की फेस वैल्यू 22 लाख रुपये से ज्यादा थी। जब एक्सपर्ट्स ने सिक्कों की जांच की तो पाया कि उसमें से कुछ सिक्के बेहद दुर्लभ थे और उनकी कीमत 8 करोड़ रुपयों तक थी। रिपोर्ट के अनुसार वो कपल उत्तरी कैलिफोर्निया के एक ग्रामीण इलाके में रहता था, जहां से कुछ ही मील दूर सोने की खदानें पहले हुआ करती थीं। कपल को बिल्कुल भी अंदाजा नहीं कि उन सिक्कों को वहां पर किसने रखा या फिर वह टिन वहां कैसे पहुंचा।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

SAVE UN-LIMITED
साड़ियाँ
20 % छूट
साथ में सूटिंग्स, शर्टिंग्स, ड्रेस मटेरियल्स सलवार सूट्स, मैचिंग्स, बेड शीट्स टॉवेल, नेपकीन आदि पर भी छूट का लाभ उठावें।
महेन्द्र कम्पनी
मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 4049406/7/8

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
कार्डियोलॉजी विभाग
डॉ. बिनोद अग्रवाल MD, DM (Cardiology)
डॉ. मनोज गुप्ता MD, DM (Cardiology)
- फ्लेट पैनल कैथलैब (क्लैरिटी साफ्टवेयर के साथ)
- 24x7 Intesive Cardiac Care Unit
- एन्जियोप्लास्टी, ब्लूनिंग, पेसमेकर, ICD, डिवाइज क्लोजर-ASD, VSD, PDA
- डे-केयर एन्जियोग्राफी
- ECG, Echo, TMT, DSE एवं हॉल्टर मॉनीटरिंग
- कार्डियक हैल्थ चेक-अप पैकेज

डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, आयुष्मान योजना एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
परामर्श हेतु - सोमवार से शनिवार, समय : 10.00 से 5.00 बजे तक
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

चटक महादेव

# इस मंदिर में भगवान को चढ़ाने पर खुद से चटक जाता है नारियल

**सिरोही।** राजस्थान के सिरोही जिले को देवभूमि के रूप में जाना जाता है। यहां ऐसे कई प्राचीन मंदिर हैं जो रहस्य से भरपूर हैं। आज हम आपको एक ऐसे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जिसको लेकर मान्यता है कि यहां शिवलिंग के सामने रखा हुआ नारियल अपने आप टूट जाता है। इसे भक्तों की मान्यता कहें या कुछ और लेकिन ये मान्यता भक्तों को यहां एक बार तो जरूर खींच लाती है।



## आबूरोड में प्राकृतिक गोद में है मंदिर

सिरोही जिले के आबूरोड तहसील के कुई सांगणा में प्राचीन चटक महादेव मंदिर प्रकृति की गोद में बना हुआ है। मंदिर तक पहुंचने के लिए कुई गांव के सड़क मार्ग से करीब 1-1.5 किलोमीटर पैदल पगडंडी से गुजरना पड़ता है। यहां एक झरने के पास होकर पहाड़ी पर चढ़कर आप इस मंदिर तक पहुंच सकते हैं। इस मंदिर तक पहुंचने का ये एक मात्र रास्ता है। ऐसे में बुजुर्ग और दिव्यांग यहां नहीं आ पाते हैं। मंदिर के आगे एक कुंड बना हुआ है जिसका पानी चाहे गर्मी हो या सर्दी कभी खत्म नहीं होता है। मुख्य मंदिर के बाहर एक प्राचीन शिव प्रतिमा बनी हुई है।

## अपने आप चटक जाते हैं नारियल

मंदिर में कई वर्षों से आ रहे भक्त जितेंद्र परिहार ने बताया कि मंदिर हजार वर्ष से भी पुराना है। मंदिर के आगे से ही झरना बहता है। यहां बने कुंड का पानी कभी सूखता नहीं है। मंदिर में रखा हुआ नारियल अपने आप चटक जाता है। इसी वजह से इस मंदिर का नाम चटक महादेव हो गया। सावन माह और महाशिवरात्रि के दिन यहां मेले का आयोजन होता है। इसमें दूरदराज से काफी संख्या में भक्त आते हैं और यहां भजन कीर्तन करते हैं।

इस शहर को क्या हुआ?

# लोगों ने घरों के बाहर लटका दी लाल रंग की बोतल

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर के कई मोहल्लों में घरों के बाहर दरवाजों या खिड़की पर लाल बोतल लटक रही हैं। ऐसा नजारा देख अनजान लोग पहले तो डर जा रहे हैं उन्हें लगता है कि यहां के लोगों ने कोई टोना-टोटका किया हुआ है, पर जब इस बोतल के पीछे की असली वजह पता चलती हैं तो हैरान रह जाते हैं। दरअसल, बोतल लटकाने वाले लोग ही डरे हुए हैं और डर से बचने के लिए उन्होंने ये उपाय किया है।



## आवारा कुत्तों को भगाने की तरकीब

सागर में कई गली-मोहल्ले में घरों के बाहर लटकती इन बोतलों के जरिए आवारा कुत्तों को भगाने की कोशिश की जा रही है। लोगों का ऐसा मानना है कि लाल रंग देखने से कुत्तों की आंखों में परेशानी होती है। इसकी वजह से वे उस जगह पर नहीं ठहरते हैं, जहां लाल रंग दिख रहा हो। इनका दावा है कि इस उपाय से कुछ हद तक कुत्तों से राहत भी मिली है।

## कैसे तैयार करते हैं लाल रंग से भरी बोतल

बता दें कि ट्रांसपेरेंट बोतल में लाल रंग या महावर का घोल बनाकर उसमें भर देते हैं और ढक्कन लगा देते हैं। उससे एक रस्सी के सहारे अपनी गली में या दरवाजे के पास इतनी ऊंचाई से लटकाते हैं कि अगर कुत्ते उस तरफ आएं तो उनकी नजर उस पर जाए। लोगों का मानना है कि कुत्तों की जैसे ही नजर बोतल पड़ती है तो वो भाग जाते हैं। स्थानीय नागरिक बताते हैं कि घर के आसपास यह उपाय अपनाने से कुत्तों का आना काफी कम हो गया है या दिखाई ही नहीं दे रहे हैं।

## एक्सपर्ट की राय

एक्सपर्ट बताते हैं कि जिस तरह कुछ इंसान कलर ब्लाइंड होते हैं, उसी तरह कुत्तों को नीले, हरे और लाल रंग में अंतर करने में परेशानी होती है, इसलिए जो जंगल में कुत्ते रहते हैं वो या तो सुबह निकलते हैं या फिर शाम ढलने के बाद सक्रिय होते हैं। शहर के कुत्ते इन रंगों से परिचित होते हैं इसलिए उन्हें ज्यादा मात्रा में ये कलर दिखने से वे भाग जाते हैं।

HONDA




Scooter बोले तो
ACTIVA
With H-Smart Technology
Celebration offer
3 Years Standard + 3 Years Free Extended
Warranty#
Low ROI @ 7.99%**
HDFC BANK Credit Card
Cashback of 5% up to ₹5000##



For dealer details scan the QR Code
For more information give a missed call on 7230032200
वीडियो का आनंद लेने के लिये, कृपया QR Code को स्कैन करें।
ACTIVA over 3.25 CRORE* happy customers
BOOK ONLINE NOW!
www.honda2wheelersindia.com
CLICK BOOK RELAX
Honda 2Wheelers
BOOK NOW

^Terms and conditions apply. ##Cashback Offer available on all Honda two-wheeler models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards through Pine Labs machines only. ##Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of Rs. 5000. ##Valid on one transaction per card/order during the offer period. ##Cashback offer valid until 31st August 2024. ##The scheme is available in select outlets only. **The finance offer is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment. #3 years of standard plus 3 years of free extended warranty only on Activa 110cc. #This scheme is offered by authorised main dealers only and can be availed on purchase of Activa 110cc from Authorised main dealers. *Source: Cumulative Sales figure of Brand Activa from June 2001 to June 2024 as per HMSI internal data. #Celebration offer is only applicable in Uttarakhand, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, and Chhattisgarh. #Terms and condition apply.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **AARANG:** V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; **ABHANPUR:** Patel Honda - 9009328660; **BAGBHARA:** Sri Sai Honda - 7697767777; **BALODA BAZAR:** Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; **BASNA:** Laxmi Honda - 9174137571; **BEERGAON:** Vishwanath Honda - 9300133077; **PALARI:** Shri Ram Honda - 8305759763; **BEMETARA:** Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; **BHAKARA:** Nitesh Honda - 9907975628; **BHATAPARA:** Kiran Honda - 9111353292; **BHILAI:** Aan Honda (Nehru Nagar) - 9584378238, 9826635600; Aan Honda (Powerhouse) - 9584378238, 9826635600; **BIJAPUR:** Ansh Honda - 9424299203; **CHARODA:** Rahul Honda - 9827193194; **CHARAMA:** Neeraj Honda - 9425230052; **CHUIKHADAN:** Shri Radhey Honda - 9691692500; **DALLIRAJHARA:** Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; **DHAMTARI:** ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; **DHARSIVA:** R S.Honda - 9669880000; **DONGARGARH:** Gagan Honda - 9806869214; **DURG:** Shree Sairam Honda - 0788-4017246, 0788-4017740, 9827349450; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; **FINGESHWAR:** Bangani Honda- 9425402966; **GIDHORI:** Subhkamana Auto -7389320271; **GUNDERDEHI:** Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; **GURUR:** Baba Honda - 9827936712; **JAGDALPUR:** Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; **KONDAGAON:** Danteshwari Honda - 9294566660; **SUKMA:** Akash Honda - 9424287457, 7587341845; **PHARASGAON:** Shri Deo Honda - 9993861735; **KANKER:** Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; **KASDOL:** Laxmi Honda - 8871233553; **KESHKAL:** Chattishgarh Honda - 9993293467; **KHAIRAGARH:** Akshat Honda - 9406534734; **KURUD:** Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; **MAGALOAD:** Dewangan Honda - 9098136447; **MAHASAMUND:** Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; **NAGRI:** Nahta Honda- 9424211105; **NAWAGARH:** Raja Honda - 9826067896; **PAKHANJUR:** Disha Honda - 6261666932, 9406453860, **PANDUKA (GARIABAND):** Shresth Honda - 8109902966; **RAIPUR:** A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; **RAJIM:** Gulab Honda - 8839708788; **RAJNANDGAON:** Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; **SEJBAHAR:** R.S Honda - 9754123000; **KHARORA:** B.K Honda - 9867224777; **TILDA:** Agrawal Honda - 9424200104; **UTAI:** Ganpati Honda - 09926083389; **SARAIPALI:** Pukraj Honda - 8889798000.
**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com